हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन


RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 60, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 28 अगस्त, 2023 दिन सोमवार | गाजीपुर/वाराणसी

## 'विश्वास का झंडा लेकर खड़ा है भारत, हमसे दोस्ती ही फायदेमंद', बिजनेस समिट में बोले पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिजनेस समिट को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि एक लाभदायक बाजार तभी कायम रह सकता है, जहां उत्पादकों और उपभोक्ताओं के हितों में संतुलन हो। उन्होंने कहा कि दूसरे देशों को केवल बाजार मानने से कभी काम नहीं चलेगा। मोदी ने कहा कि यह बात राष्ट्रों पर भी लागू होती है, दूसरे देशों को केवल बाजार मानने से कभी काम नहीं चलेगा। देर-सबेर यह उत्पादक देशों को भी नुकसान पहुंचाएगा।




**सभी को समान भागीदार बनाना जरूरी**- पीएम मोदी ने बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए कहा कि प्रगति में सभी को समान भागीदार बनाना जरूरी है। पीएम ने कहा, यहां कई वैश्विक बिजनेस लीडर हैं, क्या हम सभी इस पर अधिक विचार कर सकते हैं कि बिजनेस को अधिक उपभोक्ता केंद्रित कैसे बनाया जाए। ये उपभोक्ता व्यक्ति या देश हो सकते हैं, उनकी क्या रुचि है इसका भी ख्याल रखना होगा।

**विश्वास का झंडा लेकर खड़ा है भारत**- पीएम ने कहा कि सबसे बड़ी महामारी कोरोना ने दुनिया को बड़ा सबक सिखाया है। इस महामारी ने हर देश, समाज, बिजनेस सेक्टर और कॉरपोरेट इकाई को सबक दिया कि हमें सबसे ज्यादा आपसी विश्वास पर निवेश करने की जरूरत है। पीएम ने कहा कि कोरोना ने सबसे ज्यादा आपसी विश्वास को तहस नहस किया था और इस माहौल में भी एक देश जो विश्वास का झंडा लेकर खड़ा था, वो है भारत। पीएम ने आगे कहा कि भारत में डिजिटल क्रांति आ रही है और जो हमसे दोस्ती ही फायदेमंद है।

**क्रिप्टोकरेंसी पर सभी को एक राय बनानी होगी**- क्रिप्टोकरेंसी के मुद्दों पर बात करते हुए मोदी ने कहा कि इसपर सभी देशों में अधिक से अधिक एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता है। इसके लिए एक वैश्विक ढांचा बनाया जाना चाहिए, जिसमें सभी हितधारकों का ध्यान रखा जाना चाहिए।

**23 अगस्त से शुरू हुआ त्यौहारी सीजन**- पीएम ने कहा कि भारत में इस बार का त्योहारी सीजन 23 अगस्त से शुरू हो गया है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि 23 अगस्त को हमने चांद पर पहुंचने का काम किया। पीएम ने कहा कि चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग के बाद का जश्न किसी त्योहार से कम नहीं था।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे क्षेत्रीय परिषद की बैठक, यौन अपराध और दुष्कर्म जैसे मामलों पर होगी चर्चा

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को गांधीनगर में पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में यौन अपराध और दुष्कर्म के मामलों की त्वरित जांच, बुनियादी ढांचे और पर्यावरण से संबंधित जैसे मामलों पर चर्चा होगी। बता दें कि पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद में गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा और केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव और दादरा और नगर हवेली शामिल हैं। इस बैठक में सदस्य राज्यों और केंद्र सरकार के मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। बैठक से पहले परिषद की एक स्थायी समिति होती है जहां परिषद के समक्ष रखे जाने वाले एजेंडा आइटम की जांच की जाती है और उसके हिसाब से प्राथमिकता दी जाती है। अधिकारियों के मुताबिक, मोदी सरकार देश में नियमित रूप से क्षेत्रीय परिषदों की बैठकें आयोजित कर रही है। पिछले 9 सालों की बात करें तो मोदी सरकार द्वारा क्षेत्रीय परिषदों और इसकी स्थायी समितियों की बैठकों की संख्या तीन गुना बढ़ गई है। क्षेत्रीय परिषदें केंद्र और राज्यों और क्षेत्र में आने वाले एक या कई राज्यों से जुड़े मुद्दों को उठाती हैं। यह केंद्र और राज्यों और क्षेत्र के कई राज्यों के बीच विवादों और परेशानियों को हल करने का एक मंच प्रदान करती हैं।



## चुनाव प्रचार में भाजपा ने दिखाई ताकत, डिप्टी सीएम केशव बोले- समाजवादी से समाप्तवादी हो जाएगी सपा

मऊ। यूपी के मऊ जिले की घोसी विधानसभा सीट पर पांच सितंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए रविवार को भाजपा ने रैली का आयोजन किया। घोसी तहसील के सरायसादी में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित जनसभा में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने हुंकार भरी। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर जमकर व्यंग्य बाण छोड़े। वहीं सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, कैबिनेट मंत्री एके शर्मा और अनिल राजभर समेत कई मंत्रियों ने सपा पर हमला बोला। जनसभा से इतर मीडिया से बातचीत में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा ही वर्तमान और भाजपा ही भविष्य है। घोसी उपचुनाव में दारा सिंह चौहान की जीत तय है।



सपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 400 सीट जीतते-जीतते उनके पार्टी में भगदड़ मच गई। विधायक दारा सिंह चौहान ने इस्पीफा दे दिया, क्योंकि सपा में गुंडे और माफिया हैं। वहीं सपा को कांग्रेस के समर्थन पर बोले कि कांग्रेस के समर्थन देने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। सपा समर्थन की भीख मांगती दिख रही है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा एक-एक कार्यकर्ता विरोधियों के 10-10 कार्यकताओं पर भारी है। हमारी सरकार में हर जाति और हर वर्ग का हित सुरक्षित है। कहा की भाजपा के कार्यकर्ता और समर्थक इतने उत्साह से मतदान करें कि समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी हो जाए। भाजपा सरकार में शोषित और वंचित वर्ग के साथ न्याय किया जाता है जबकि अन्य विरोधी पार्टियां सिर्फ उनको वोट बैंक की तरह प्रयोग करती हैं।

आगे कहा कि यह उपचुनाव आने वाले समय में बड़ा संदेश देने वाला है। केंद्र में मोदी और प्रदेश में योगी के नेतृत्व में बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी सरकार में सैफई का विकास ही प्रदेश का विकास मान लिया गया था, जबकि हमारी सरकार ने सबका साथ और सबका विकास को लेकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया है। हमारे सरकार की उपलब्धियां देश और दुनिया में चर्चा और शोध का विषय बन गई हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि चुनाव प्रचार में विरोधी बरगलाने की कोशिश करेगा लेकिन हमें उनको जवाब देकर निरुत्तर कर देना है। जनसभा को संबोधित करते हुए सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि दूसरों को दलबदलू बोलने वाले समाजवादी पार्टी वाले सबसे बड़े दलबदलू हैं। सपा की सरकार बनाने में जिन लोगों ने भी सहयोग किया उनके साथ छल किया गया। पिछड़े के नाम पर सपा वालों ने सिर्फ एक जाति का भला किया और अन्य जातियों के साथ छल किया। सुभासपा अध्यक्ष ने दावा किया की भाजपा प्रत्याशी 50 हजार से अधिक मतों से चुनाव जीतेंगे। वहीं निषाद पार्टी के अध्यक्ष डा. संजय निषाद ने कहा की आज चुनावी भाषण सुनने का समय नहीं है बल्कि अपनी भाषा में वोट मांगकर अपने प्रत्याशी को भरी मतों से विजयी बनाना है।

## ऑस्ट्रेलिया में सैन्य अभ्यास के दौरान अमेरिकी विमान क्रैश, तीन नौसैनिकों की मौत

डार्विन। ऑस्ट्रेलिया में सैन्य अभ्यास कर रहा एक अमेरिकी सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। हादसा ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी क्षेत्र डार्विन के पास हुआ और इसमें 23 अमेरिकी नौसैनिक सवार थे। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह घटना रविवार की सुबह मेलविले द्वीप पर एक्सरसाइज प्रीडेटर्स रन 2023 के दौरान हुई। हादसे में 3 सैनिकों की मौत हो गई है। अधिकारी ने कहा कि इस समय हमारा ध्यान इसमें सवार बाकी सैनिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर है।



एबीसी के अनुसार, डार्विन के उत्तर में तिवी द्वीप समूह के पास अभ्यास के दौरान विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद अब तक कई लोगों को बचाया गया है। अमेरिकी मरीन के एक अधिकारी ने एक बयान में कहा, "विमान पर कुल 23 सैनिक सवार थे। तीन की मौत की पुष्टि हो गई है, जबकि पांच अन्य को गंभीर हालत में रॉयल डार्विन अस्पताल ले जाया गया है।" बता दें कि बेल बोइंग वी-22 ऑस्प्रे टिल्ट्रोटर विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद विमान में सवार 23 में से पांच को गंभीर स्थिति में अस्पताल लेकर जाया गया था। अधिकारिक बयान में कहा गया कि दुर्घटना के कारण की जांच की जा रही है। उत्तरी क्षेत्र की मुख्यमंत्री नताशा फाइल्स ने मर्फी के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि घायलों में से एक की रॉयल डार्विन अस्पताल में सर्जरी चल रही थी। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि सैन्य अभ्यास के दौरान बेल बोइंग वी-22 ऑस्प्रे टिल्ट्रोटर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, फिलीपींस और पूर्वी तिमोर की सेनाएं शामिल थीं।

## नीतीश के सांसद का बीजेपी पर हमला; कहा- खतरे में देश का लोकतंत्र, मोदी सरकार के झूठ की पोल खोलेगी जेडीयू

दाउदनगर (औरंगाबाद)। बिहार में काराकाट से जदयू के सांसद महाबली सिंह दाउदनगर पहुंचे थे। यहां उन्होंने कहा कि भारत में लोकतंत्र और संविधान दोनों खतरे में है। सभी धर्म के लोग परेशान हैं। भाजपा की केंद्र सरकार के कारण स्थिति बदहाल हो गई है। महाबली सिंह ने कहा कि I.N.D.I.A गठबंधन केंद्र की सत्ता को उखाड़ कर तमाम चीजों को दुरुस्त करेगी। उन्होंने कहा कि सबका विकास होगा। देश बचाने के लिए हम किसी भी कुबार्नी के लिए तैयार हैं। वहीं, आई एन डी आई ए के संयोजक के चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि सभी एकजुट हैं। चुनाव हो जाएगा। कोई समस्या या मतभेद नहीं है। जदयू संसाद ने कहा कि नीतीश कुमार और लालू यादव ने बिहार में सरकार बनाकर जो नई शुरूआत की, इसका देश में व्यापक संदेश गया है। इससे सभी को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा को सत्ता से हटाया जाएगा। दाउदनगर में सिंचाई विभाग के अतिथि गृह में सांसद महाबली सिंह ने कहा कि मंत्री आकर पूर्णिया में कहते हैं कि एयरपोर्ट बन गया। इससे बड़ा झूठ क्या होगा। प्रधानमंत्री कहते हैं कि दरभंगा में एम्स बन गया, जबकि ऐसा कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद से बिहटा रेलवे



लाइन का शिलान्यास 2007 में हुआ था। यह अभी तक नहीं बना। महाबली सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री बहुत झूठ बोलते हैं। उन्होंने इतनी सड़कें बना दी हैं कि वह चांद सूरज तक की दूरी तय कर लेंगे। खाली झूठ का प्रचार प्रसार करना केंद्र सरकार का काम है। भाजपा की केंद्र सरकार की झूठ को जनता के बीच रखना है।

## सासाराम में बालू लदे ट्रैक्टर ने युवक को रौंदा, मौत; गुस्साए ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, घंटों आवागमन रहा ठप

सासाराम। सासाराम में अनियंत्रित बालू लदे ट्रैक्टर ने एक युवक को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित सीताबीघा मोड़ के पास की है। जानकारी के मुताबिक, इससे पहले शनिवार को सासाराम नगर थाना क्षेत्र स्थित फजलगंज में तेज रफ्तार बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई थी।



वहीं, रविवार को हुई इस घटना के बाद ग्रामीणों का आक्रोश तेज हो गया और मुआवजे की मांग को लेकर अमरातालाब मुख्य पथ पर जाम लगा दिया। इससे मुख्य पथ घंटों तक बाधित रहा। हालांकि, आक्रोशित ग्रामीणों को काफी समझाने-बुझाने व उचित मुआवजा दिलाने के आश्वासन पर प्रशासन व पुलिस पदाधिकारियों ने सड़क जाम को हटवाया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मृतक की पहचान अमरा तालाब गांव निवासी 35 वर्षीय रिंकू गुप्ता के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक, रिंकू गुप्ता डेहरी-सासाराम मुख्य पथ पार कर रहे थे, उसी वक्त अनियंत्रित बालू लदे ट्रैक्टर ने रौंद दिया। इससे रिंकू गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों के बताया कि युवक अपने घर का इकलौता कमाने वाला था। उसके पिता का पहले ही देहांत हो चुका है। रिंकू मेहनत मजदूरी से अपनी मां, पत्नी व दो बच्चों का पालन-पोषण करता था। वह घर में कमाने वाले वाला एकलौता सदस्य था। मामले में थानाध्यक्ष ने बताया कि धक्का मारने के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़ भाग गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र में ट्रैक्टर द्वारा लगातार ओवरलोडेड अवैध बालू की ढुलाई की जाती है। थाना क्षेत्र पार करने के लिए ट्रैक्टर चालक तेजी में वाहन चलाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटना होती रहती है। जानकारी के मुताबिक, इससे पहले शनिवार को भी सासाराम नगर थाना क्षेत्र के फजलगंज में तेज रफ्तार से आ रही ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई थी।

## यूपी कांग्रेस ने जारी की प्रदेश प्रवक्ताओं को लिस्ट, सीपी राय, प्रियंका गुप्ता समेत 15 लोग शामिल

लखनऊ। आगामी लोकसभा चुनाव और घोसी उपचुनाव को लेकर यूपी कांग्रेस कमर कस रही है। प्रदेश कांग्रेस ने शनिवार को प्रदेश प्रवक्ताओं की सूची जारी की है, जिसमें डॉ. सीपी राय और प्रियंका गुप्ता समेत 15 कांग्रेस कार्यकताओं को शामिल किया गया है। सूची के साथ जारी नोट में बताया गया कि इन कांग्रेसियों को प्रदेश प्रवक्ता / मीडिया पैनलिस्ट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। घोसी विधानसभा उपचुनाव से अब तक उदासीन रहे घोसी के कांग्रेसजनों ने प्रदेश नेतृत्व का निर्देश मिलते ही आईएनडीआईए उम्मीदवार को जिताने के लिए कमर कसना आरंभ कर दिया है। रविवार को घोसी कस्बे में केनरा बैंक के सामने दोपहर 12 बजे हुई बैठक में सभी नए-पुराने कांग्रेसजन एकत्र हुए और सबको जिम्मेदारियां सौंपी गई। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव एलायंस (आईएनडीआईए) के तहत कांग्रेस व सपा मिलकर चुनाव मैदान में होंगे। कांग्रेस ने मऊ की घोसी विधानसभा सीट के लिए हो रहे उपचुनाव में सपा प्रत्याशी को समर्थन देने की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। समर्थन पत्र में राय ने लिखा है कि सपा, आईएनडीआईए का हिस्सा है, इसलिए पांच सितंबर को घोसी विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ता सपा उम्मीदवार का समर्थन करें। सपा के प्रत्याशी को पूरा सहयोग प्रदान करें। घोसी उपचुनाव में सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह मैदान में हैं। उनका मुकाबला भाजपा उम्मीदवार दारा सिंह चौहान से है। कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राय ने 24 अगस्त को पदभार संभालने से पहले लोकसभा चुनाव में सपा से गठबंधन को लेकर कहा था कि सपा को बड़ा दिल दिखाना होगा। यह भी कहा था कि उत्तर प्रदेश में पार्टी गठबंधन के लिए बड़ा दिल दिखा रही है। माना जा रहा है कि राय भी प्रचार के लिए घोसी जा सकते हैं। कांग्रेस की इस पहल के बाद आने वाले लोकसभा चुनाव में दोनों दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर भी चचाएं शुरू हो गई हैं।

## बंगाल में अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, आठ लोगों की मौत; भाजपा ने ममता सरकार को घेरा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के दत्तपुकुर इलाके में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में रविवार सुबह हुए विस्फोट में आठ लोगों की मौत की खबर है। हालांकि, ग्रामीणों ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। विस्फोट इतना जोरदार था कि इलाके में कई घर भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस विस्फोट पर भाजना ने तीखा हमला किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि क्या ममता बनर्जी पूरे राज्य को श्माशान बनाकर मानेंगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि माजपुर जगन्नाथपुर के पास एक फैक्ट्री में विस्फोट इतना तेज था कि कई घर उड़ गए और कम से कम 10 लोग घायल हो गए, मौके पर लाशें बिखर गईं। इस धमाके में घायलों को बारासात अस्पताल लाया जा रहा है। यह घटना सुबह करीब 8:00 बजे की बताई जा रही है। भीड़भाड़ वाले इलाके में कैसे पटाखा फैक्ट्री चल रही थी। इसको लेकर सवाल उठ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पूर्व मेदिनीपुर जिले के एगरा में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया था। इसमें नौ लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। पुलिस ने बताया कि कोलकाता से लगभग 30 किलोमीटर उत्तर में दत्तपुकुर पुलिस थाना क्षेत्र में नीलगंज के मोशपोल में कई लोग कारखाने में काम कर रहे थे। उस समय अचानक फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। अधिकारी ने कहा कि अब तक तीन शव मिले हैं। विस्फोट में कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को नजदीकी



अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें, इससे पहले मई में पूर्व मेदिनीपुर जिले के एगरा में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में इसी तरह का विस्फोट हुआ था, जिसमें 12 लोग मारे गए थे। दत्तपुकुर में अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट पर फायर स्टेशन अधिकारी आशीष घोष ने बताया कि पांच शव बरामद किए गए हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा के विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि सिर्फ इस फैक्ट्री में ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य में ऐसी अवैध फैक्ट्रियां चल रही हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा था कि इन अवैध कारखानों को बंद कर दिया जाएगा, लेकिन वह चोरों को बचाने में व्यस्त हैं। अधिकारी ने कहा कि सीएम का काम राज्य में इमामों के साथ बैठकें करना और सांप्रदायिक कार्ड खेलना है। इस घटना पर दुख जताते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब तक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस पद पर रहेगी बंगाल में ऐसा ही चलता रहेगा। पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती। क्या मुख्यमंत्री पूरे राज्य को श्मशान बनाकर मानेंगी। पूरे बंगाल को बारूद के ढेर पर पहुंचा चुकी हैं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी। इन लोगों की मौत की जिम्मेदार हैं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार। वहीं, फैक्ट्री में हुए धमाके पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि जिस मात्रा में विस्फोटक मिले हैं उससे साफ है कि बंगाल सरकार ने विस्फोटकों को जहां चाहे इस्तेमाल करने की इजाजत दे दी है।

## रक्षाबंधन पर बहनों को योगी सरकार का तोहफा, हापुड़ से चलेंगी 32 अतिरिक्त रोडवेज बसें, कर सकेंगी फ्री सफर

हापुड़। रक्षाबंधन पर बहनों को सफर में कोई दिक्कत ना हो इसके लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम हापुड़ द्वारा 32 अतिरिक्त बसों का संचालन करने जा रहा है। सोमवार से शुरू होकर पांच दिन चलने वाली इन विशेष बसों में भी बहनों को निशुल्क यात्रा कराई जाएगी। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम हापुड़ द्वारा रक्षाबंधन को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। हापुड़ से विभिन्न रुटों को चलने वाली बसों की संख्या में रक्षाबंधन को लेकर तैयारी बढ़ोत्तरी की गई है। सोमवार से शुरू होने वाली यह सेवा पांच दिनों तक चलेगी। हापुड़ से मोदीनगर पर 18 बसें चलेंगी तो वहीं हापुड़ से बरेली, हल्द्वानी, गोरखपुर आदि मार्गो पर सात- सात अतिरिक्त बसें चलाई जाएगी। हापुड़ डिपों से चलने वाली बसों में रक्षाबंधन के दौरान बहनों से किराया नहीं लिया जाएगा। वही सभी बसों को प्रत्येक स्टाप पर रोक कर सवारी लेने के आदेश दिए गए है।

## सांताक्रूज के गैलेक्सी होटल में भीषण आग, तीन लोगों की मौत; दो घायल

मुंबई। मुंबई के सांताक्रूज इलाके में एक पांच मंजिला होटल में रविवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग इतनी विशाल थी कि तीन लोगों की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। एक अग्निशमन अधिकारी ने कहा कि आठ लोगों को वहां से बचाकर अस्पताल ले जाया गया है। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आग प्रभात कॉलोनी स्थित गैलेक्सी होटल की दूसरी मंजिल पर लगी थी, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा, यह लेवल-वन की आग है। बचाए गए सभी लोगों को कूपर अस्पताल ले जाया गया है। चार दमकल गाड़ियां, इतने ही पानी के टैंकर और अन्य सहायता मौके पर भेजी गई। आग बुझाने का काम जारी है।

## संपादकीय

# चुनाव के 2 महीने पहले मंत्रिमंडल का विस्तार?

मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव नवंबर माह में होना है। मध्य प्रदेश के मंत्रिमंडल में मंत्रियों की चार सीटें वर्षों से रिक्त पड़ी हुई थी चुनाव के ठीक 2 महीने पहले मंत्रिमंडल का विस्तार किया जा रहा है। इसमें तीन नए मंत्रियों को शामिल किया जा रहा है। इस मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सभी को आश्चर्य हो रहा है। जिन विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई जा रही है। उनमें से 2 पहले भी मंत्री रह चुके हैं। वह भाजपा के कद्दावर नेताओं में शामिल हैं। चुनाव के 2 महीने पहले यदि उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल किया जा रह है। उससे भाजपा जो जातीय और क्षेत्रीय समीकरण को बनाना चाहती है। इस मंत्रिमंडल विस्तार का असर क्या चुनाव में होगा, भारतीय जनता पार्टी के अंदर ही कहा जा रहा है, कि इससे पार्टी को फायदा कम और नुकसान ज्यादा होगा। पिछले तीन दिनों से मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चा चल रही थी। जिन मंत्रियों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाना था, वह अपने समर्थकों के साथ मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में जमे हुए थे। मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिये गुटीय आधार पर जोड़-तोड़ हुई। मंत्रिमंडल विस्तार के लिए दिल्ली से दबाव बना हुआ था। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस बात से सहमत थे, कि मंत्रिमंडल विस्तार से कोई लाभ नहीं होगा। किन्तु केंद्रीय नेताओं के दबाव में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को मंत्रिमंडल का विस्तार करना पड़ रहा है। मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर बड़ी व्यापक प्रतिक्रिया मध्य प्रदेश में हो रही है। भाजपा के जो विधायक मंत्री बनने का वर्षों से प्रयास कर रहे थे। इस मंत्रिमंडल के विस्तार से उनका नाराज होना तय है। इसके साथ ही विधानसभा चुनाव की जिन विधायकों को टिकट नहीं मिलेगी। उनमें भी स्पष्ट रूप से कहीं ना कहीं नाराजी देखी जा रही है। इस मंत्रिमंडल विस्तार ने भाजपा के असंतुष्ट नेताओं की आग में घी डालने का काम किया है। बहरहाल विधानसभा चुनाव के मात्र दो माह पहले मंत्रिमंडल विस्तार ने सभी को चौंका दिया है। इससे भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा चुनाव की कमजोरी ही प्रदर्शित हो रही है। भारतीय जनता पार्टी की यदि स्थिति मजबूत होती, तो उन्हें जातीय समीकरण बनाने से मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं करना पड़ता। जैसे ही मंत्रिमंडल विस्तार की खबरें सामने आना शुरू हुई। उसके बाद से भाजपा के ही विधायकों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। भाजपा विधायक अजय बिश्नोई ने यहां तक कह दिया कि 3 मंत्री बनाकर 14 विधायकों को नाराज करना पार्टी के लिए ठीक नहीं रहेगा। उन्होंने यह भी कह दिया कि जो भी नया मंत्री बनेगा वह अपने पद के साथ न्याय नहीं कर पाएगा। क्योंकि उसे कुछ करने का कोई समय ही नहीं मिलेगा। इसी तरह की प्रतिक्रिया अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं की भी सामने आ रही है। लगभग 18 साल 6 माह से मप्र में भाजपा की सरकार है। केन्द्र में भी 9 वर्ष से ज्यादा समय से भाजपा की सरकार है। इसके बाद भी चुनाव के ठीक 2 माह पहिले जातीय समीकरण साधने और असंतुष्ट नेताओं को साधने के लिये मंत्रीमंडल का विस्तार करना पड़ा है। इसका संदेश आम जनता के बीच अच्छा नहीं जाएगा। जिन्हें प्रतिनिधित्व नहीं मिला उनका नाराज होना स्वाभाविक है।

## है अंदर ये रार !



कौन बनेगा दूल्हा ?
है अंदर ये रार ।।
अंदरखाने लगता है ।
हैं सब खबरदार ।।
आई बात निकल कर ।
किसको ये सौगात ?
शुरू हुआ है मंथन ।
सब लगे दिन रात ।।
वर्तमान में लेकिन ।
है बदला व्यवहार ।।
धीरे धीरे बैठकें भी ।
हैं लेनी आकार ।।
रुठना मनाना भी ।
चले शायद खेल ।।
आ रहा शिगूफा ।
खा रहा सब मेल ।।
–कृष्णेन्द्र राय

# अंतरिक्ष की दुनिया में भारत की छलाँग ने पूरी दुनिया को चमत्कृत कर दिया है

**ललित गर्ग**

असाधारण दबावों और चुनौतियों का सामना करते हुए इसरो ने चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर को चंद्रमा की 70 डिग्री दक्षिणी अक्षांश रेखा के पास बिल्कुल सटीक तरीके से उतार कर भारत ने विलक्षण इतिहास तो रचा ही है, दुनिया में भारत विरोधी शक्तियों का मुंह भी बंद कर दिया है, अब भारत गरीबी भी दूर कर रहा है, अपनी समस्याओं के समाधान खुद के बल पर हल भी कर रहा है और दुनिया की बड़ी से बड़ी शक्ति से टक्कर लेने की स्थिति में भी पहुंच रहा है। आजादी के अमृतकाल में ऐसी ही अनेक उपलब्धियों की स्पष्ट आहट सुनाई दे रही है। इस विलक्षण, अनूठी एवं चमत्कारपूर्ण सफलता के लिये इसरो को, इस मिशन में लगी पूरी टीम को ही नहीं देश की पूरी वैज्ञानिक बिरादरी को जितनी बधाई दी जाए कम है लेकिन इन उत्सव एवं उमंग के क्षणों में भी राजनीति करने वालों पर तरस आता है, भगवान् उन्हें सद्बुद्धि दें। निश्चित ही भारत ने चांद को मुट्ठी में कर लिया है और यह जता दिया है कि कम साधनों एवं खर्चों में भी भारत बड़ी लकीरें खींच सकता है।

निश्चित ही भारत ने वह कर दिखाया, जो विश्व का कोई देश और यहां तक कि अमेरिका, चीन एवं रूस भी नहीं कर सका। इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने चंद्रयान-3 के लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक पहुंचाकर देश ही नहीं, दुनिया को चमत्कृत करने का काम किया। चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग एक ऐसा अविस्मरणीय और अद्भुत क्षण है, जो वर्षों तक भारतवासियों को प्रेरित करता रहेगा। यह एक अमिट आलेख है, शानदार उपलब्धि है, जो सचमुच स्वर्णाक्षरों में लिखी जाएगी। इस उपलब्धि ने हम भारत के लोगों में जिस उत्साह और उमंग का संचार किया है, वह अकल्पनीय है। इन चमत्कृत करने वाले दृश्यों को भारत के करोड़ों लोगों ने देखा एवं समूचे देश को उत्सवमय बना दिया। अंतरिक्ष में नये भारत की इस नई, असाधारण एवं ऐतिहासिक उड़ान से समूची दुनिया को लाभ मिलेगा। जाहिर है, ये प्रयोग सिर्फ भारत के लिए नहीं, पूरी दुनिया के लिए मायने रखते हैं। अब इस चन्द्रयान से मिलने वाली सूचनाओं से चन्द्रमा पर मानव जीवन की संभावनाओं को पंख लग सके तो कोई आश्चर्य नहीं है। वहां पर जल की उपलब्धता, तापमान, जमीन की स्थिति, उपलब्ध खनिज पदार्थों आदि की जानकारियां एवं टेक्टॉनिक हलचलों का पता चलेगा।




बहरहाल, इसरो का काम कितना पक्का, तीक्ष्ण एवं परिपक्व था, इसका अंदाजा लगाने के लिए चंद्रयान-3 की उतराई का लाइव ग्राफ देखना देश-दुनिया के लिए काफी रहा होगा। यह हर बिंदु पर ठीक वैसा ही रहा, जैसा इसके होने की उम्मीद थी। साइंस-टेक्नॉलजी के मामले में रूस की गति भारत से एक सदी आगे समझी जाती है। इसके बावजूद लूना-25 को पार्किंग ऑर्बिट से लैंडिंग ऑर्बिट में लाने वाले थ्रस्टर्स ने ऑटोमेटिक कमांड समझने में चूक कर दी और वह अस्थिर कक्षा में पहुंचकर नष्ट हो गया। लेकिन चंद्रयान-3 के एक-एक थ्रस्टर ने कमांड के मुताबिक काम किया। यकीनन इसमें बहुत बड़ी भूमिका चंद्रयान-2 से हासिल किए गए तजुर्बे की रही। चंद्रयान-3 अभियान की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह ठीक ही कहा कि यह विकसित एवं नये भारत का जयघोष है और इससे देश को एक नई ऊर्जा और चेतना मिली है। उन्होंने चंद्रयान-3 की सफलता को जिस तरह नए भारत की नई उड़ान करार देते हुए इसे अमृतकाल की प्रथम प्रभा में अमृत वर्षा की संज्ञा दी, उससे इस यकीन को बल मिलता है कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनने के अपने सपने को वास्तव में साकार करने की दिशा में बढ़ रहा है। यह वास्तव में देश की उस वैज्ञानिक चेतना और सूक्ष्म दृष्टि का कमाल है, जो तमाम बाधाओं के बावजूद पिछले 61 साल पूर्व साइकिल से शुरू हुए हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा है। हमने पहले चांद पर पानी खोजा और अब चांद के दूसरे सिरे पर भी पहुंच गए। इसरो ने जो इतिहास रचा, वह यही रेखांकित कर रहा है कि नए भारत का निर्माण हो रहा है और वह महाशक्ति बनने की राह पर अग्रसर है। अब यह भरोसे के साथ कहा जा सकता है कि विश्व पटल पर अपनी और गहरी छाप छोड़ने का भारत का समय आ चुका है। इसके साथ ही यही वक्त है जब इसरो को अपनी महत्वाकांक्षाओं को फिर से नापने की, उन्हें विस्तार देने और सरकार को इस काम में उसकी हर संभव मदद करने की जरूरत है। ताजा उपलब्धि से इसरो की राह में अवसरों की लाइन लगनी तय है।

इसरो के विज्ञानियों और तकनीकी विशेषज्ञों ने अपने लगन, जिजीविषा, तप, त्याग और संकल्प से बेहद कठिन माने जाने वाले कार्य को जिस कुशलता से संपन्न किया, उससे उन्होंने दुनिया में अपनी मेधा का लोहा मनवाया। वे वंदन और अभिनंदन के पात्र हैं। अब यह तय है कि पहले से ही भारत को एक उभरती शक्ति के रूप में देख रहा विश्व समुदाय भारत को और अधिक महत्व देगा। इसरो ने सफलता की जो गाथा लिखी, उससे हमारी अन्य संस्थाओं को भी प्रेरणा लेनी चाहिए और उन्हें भी अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट बनने का संकल्प लेना चाहिए। इससे ही भारत को विकसित देश बनाने में आसानी होगी। इस ऐतिहासिक घटना से भारत के राजनीतिज्ञों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए कि वे स्वार्थों एवं संकीर्णताओं को त्याग कर देश को बनाने के लिये प्रतिबद्ध बने। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले इस देश की सरकार एक तरफ लोगों की आम जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रही है तो दूसरी तरफ कोरोना जैसे महासंकट में दुनिया के लिये सहयोगी बनी। वह आतंकवाद मुक्त दुनिया की संरचना करने में जुटी है तो न्यायपूर्ण विश्व-संरचना के उसके उद्घोष दुनिया को भा रहे हैं। खुद के देश में गरीबी का कलंक धोने की उसकी कोशिशें सफलता की सीढ़िया चढ़ रही है। देश में आतंकवाद एवं साम्प्रदायिक हिंसा को कम करने में भी सफलता मिली है। महिलाओं को सुरक्षा का भरोसा हो रहा है, तो बेरोजगारी पर भी काबू पाने के जतन किये जा रहे हैं। वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मजबूत करना मोदी के अभियान के प्रमुख संदेशों में से एक है। आर्थिक, कूटनीतिक और तकनीकी क्षेत्र में विकास ने नये भारत के संकल्प को बल दिया है। निश्चित ही चन्द्रयान-3 की सफलता का श्रेय इसरो एवं उसके वैज्ञानिकों को दिया जायेगा, लेकिन प्रधानमंत्री ने अपनी दूरगामी सोच एवं प्रोत्साहन से उनका हौसला बढ़ाया है। 2014 में मंगल मिशन के दौरान, 2019 में चंद्रयान-2 की लैंडिंग के वक्त मोदी खुद इसरो के मिशन कंट्रोल रूम में मौजूद थे, लेकिन चंद्रयान-3 की लैंडिंग के वक्त वे ब्रिक्स के सम्मेलन के लिए जोहानिसबर्ग में थे। उन्होंने वहीं से अपनी शुभकामनाएं दीं एवं भारत पहुंचने के बाद साक्षात मिलकर ऐसा करने का बोला है। अब इन सकारात्मक स्थितियों में राजनीति करने की बजाय हमें चंद्रयान-3 की सफलता को लेकर कुछ-न-कुछ संकल्प लेने चाहिए कि अलग-अलग समुदायों के बीच भेदभाव मिटता हुआ दिखाई दे। ऐसा हुआ भी है कि मिशन की सफलता के लिए मंदिरों, गुरुद्वारों और मस्जिदों में प्रार्थना सभाएं की गईं। बिना किसी साम्प्रदायिक एवं जातीय भेद सबने इन ऐतिहासिक क्षणों के साथ स्वयं को जोड़ा है। भारत के 140 करोड़ निवासी यानी 280 करोड़ मुट्ठियां अगर तन जाये तो भारत को दुनिया की महाशक्ति होने से कोई नहीं रोक पाये। जरूरत है उठ खड़े होने एवं जागने की है। एक नये भारत का अभ्युदय होना निश्चित हैं। इसीलिये सारे वैज्ञानिक काम चन्द्रयान-3 की तरह जोश एवं होश के साथ होने लगे और उन्हें राष्ट्रीय भावना से जोड़ कर देखा जाने लगे तो क्या भारत में कोई नया रामानुजन, सीवी रमन, जगदीशचंद्र बोस एवं एपीजे अब्दूल कलाम खड़ा होने की श्रृंखला नहीं लग जाये? भ्भारतीय विज्ञान ही नहीं, बल्कि भारत का सुखद भविष्य सुनिश्चित है।

# यूपी की राजनीति में आज भी है अमरमणि का दबदबा सभी दल अपने खेमे में चाहते हैं इस बाहुबली को

**अजय कुमार**

करीब 20 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की पेपर मिल कॉलोनी में रहने वाली कवयित्री मधुमिता शुक्ला की हत्या के मामले मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी और उनकी पत्नी मधुमणि त्रिपाठी को जेल से रिहा करने के अदालती आदेश से अमरमणि त्रिपाठी के प्रशंसकों में उत्साह का माहौल है। अमरमणि की रिहाई की खबर आते ही राजनीति के गलियारों में भी हलचल बढ़ गई है। कुछ लोग अमरमणि की रिहाई को लोकसभा चुनाव से भी जोड़कर देख रहे हैं। कहा जा रहा है कि अपनी रिहाई के बाद अमरमणि बीजेपी को फायदा पहुंचा सकते हैं। वैसे भी अमरमणि के बीजेपी के कई बड़े नेताओं से अच्छे संबंध हैं।

राजनीति के जानकार योगी सरकार में अमरमणि की रिहाई को उनकी बीजेपी से करीबी के रूप में जोड़कर देख रहे हैं। अमरमणि का गोरखपुर और आसपास के जिले में अच्छा दबदबा है। अमरमणि त्रिपाठी के बारे में यह समझ लेना जरूरी है कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में हमेशा से बाहुबली नेताओं का दबदबा रहा है। अपने रसूख के दम पर ये 'माननीय' चुनावी बयार का रुख अपनी तरफ मोड़ने में माहिर होते हैं। पूर्वांचल के ऐसे ही एक कद्दावर नेता हुआ करते थे अमरमणि त्रिपाठी। पूर्वांचल के 'डॉन' कहे जाने वाले हरिशंकर तिवारी के राजनीतिक वारिस रहे अमरमणि का जलवा कुछ ऐसा था कि सरकार चाहे भाजपा की रही हो या सपा-बसपा की, वह हर कैबिनेट का जरूरी हिस्सा हुआ करते थे। लगातार 6 बार विधायक रहे अमरमणि त्रिपाठी उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने जेल में रहते हुए भी जीत हासिल की थी। बहरहाल, अपने समय के हाई प्रोफाइल कवयित्री मधुमिता शुक्ला के हत्याकांड के मामले में आरोपियों को सजा तब मिल पाई थी जब सीबीआई ने अपनी जांच में अमरमणि और मधुमणि को दोषी करार देते हुए अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। पूर्व मंत्री अमरमणि की ताकत और दहशत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस हत्याकांड के गवाह एक-एक कर मुकर गए थे। कवयित्री मधुमिता शुक्ला के परिवार वालों को भी धमकाया जा रहा था, जिसके चलते बाद में इस हाईप्रोफाइल मामले को यूपी से बाहर उत्तराखंड में स्थानांतरित कर दिया गया था। जहां अमरमणि त्रिपाठी और उसकी पत्नी को उम्र कैद की सजा सुनाई गई थी। इसके पश्चात यह दंपत्ति यूपी और उत्तराखंड की जेल में रहे। लेकिन अब दोनों की आयु, जेल में बिताई गई सजा की अवधि और अच्छे जेल आचरण के दृष्टिगत बाकी बची हुई सजा को माफ कर दिया गया है। कवयित्री मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में दोषी करार दिए जाने के बाद उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी और उनकी पत्नी मधुमिता त्रिपाठी को शासन ने रिहा करने का आदेश जारी कर दिया जिसके बाद इन दोनों को रिहा कर दिया गया। अदालत के आदेश कहा गया था कि यदि दोनों को किसी अन्य वाद में जेल में निरुद्ध रखना आवश्यक न हो तो जिला मजिस्ट्रेट गोरखपुर के विवेक के अनुसार दो जमानतें तथा उतनी ही धनराशि का एक मुचलका प्रस्तुत करने पर इन्हें कारागार से मुक्त कर दिया जाए। बता दें कि लखनऊ में निशातगंज स्थित पेपर मिल कॉलोनी में 9 मई 2003 को मशहूर कवयित्री मधुमिता शुक्ला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड के बाद मधुमिता और अमरमणि के प्रेम प्रसंग की जानकारी सामने आई। उस समय प्रदेश में बसपा की सरकार थी और अमरमणि बसपा सरकार के कद्दावर मंत्रियों में शुमार थे। बताया जाता है कि जेल जाने के बाद भी पूर्व मंत्री अमरमणि की हनक कम नहीं हुई थी। अब अमरमणि की रिहाई की खबर आते हैं कई दलों के नेताओं ने उनसे संपर्क साधने की कोशिश शुरू कर दी है। अमरमणि राजनीति की दूसरी पारी कहां से शुरू करेंगे कोई नहीं जानता, लेकिन उनके बीजेपी के करीब जाने की चर्चा ज्यादा है।



# चीन का 40 साल पुराना आर्थिक मॉडल चरमराने से दुनियाभर के कम्युनिस्टों ने अपने होंठ सिल लिये हैं

**नीरज कुमार दुबे**

चीन को अपने सफल आर्थिक मॉडल पर बड़ा गर्व था। इसके अलावा दुनिया में जहां भी थोड़े-बहुत कम्युनिस्ट बचे हैं वह भी चीन का उदाहरण देकर कम्युनिस्टों की आर्थिक नीतियों की सराहना किया करते थे। लेकिन चीन का आर्थिक मॉडल ढहने की स्थिति में आते ही दुनिया भर के कम्युनिस्टों ने चुप्पी साध ली है। दूसरी ओर चीन अपनी अर्थव्यवस्था को ढहने से बचाने के लिए उसकी मरम्मत के जो भी उपाय कर रहा है वह विफल हो जा रहे हैं जिससे दुनिया भर के आर्थिक विशेषज्ञ भी हैरत में हैं। दरअसल अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के चलते ही चीन का पूरी दुनिया में दबदबा था लेकिन अब चीन की मजबूती का आधार ही बचने की स्थिति में नहीं नजर आ रहा है जिससे उसके भविष्य पर संकट मंडराता दिख रहा है।

चीनी अर्थव्यवस्था के आंकड़े दर्शा रहे हैं कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था गहरे संकट का सामना कर रही है। चीन के 40 साल के सफल वृद्धि मॉडल को चरमराते देख वैश्विक अर्थशास्त्रियों का मानना है कि चीन बहुत धीमी वृद्धि के युग में प्रवेश कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रतिकूल जनसांख्यिकी और अमेरिका तथा उसके सहयोगियों के साथ चीन की बढ़ती दूरियों से इस देश की आर्थिक स्थिति और खराब हो गई है। बताया जा रहा है कि चीन में विदेशी निवेश और व्यापार में लगातार तेज गिरावट आने से चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग दिन भर अपने कार्यालय में माथा पकड़ कर बैठे रहते हैं। जिनपिंग आर्थिक विशेषज्ञों की इस भविष्यवाणी से भी परेशान बताये जा रहे हैं जिसमें कहा गया है कि चीन में आर्थिक कमजोरी का यह दौर अस्थायी नहीं है बल्कि इसका लंबे समय तक असर देखने को मिलेगा। आर्थिक विशेषज्ञों का तो यहां तक मानना है कि चीन की अर्थव्यवस्था जिस तरह रसातल में जा रही है वह आर्थिक इतिहास की सबसे बड़ी घटना होने जा रही है।

बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि चीनी सरकार व सरकार के स्वामित्व वाली कंपनियों के विभिन्न स्तरों के कर्ज सहित कुल ऋण 2022 तक चीन के सकल घरेलू उत्पाद का करीब 300 प्रतिशत हो गया था, जो अमेरिकी स्तर को पार कर गया। हम आपको बता दें कि यह अनुपात 2012 में 200 प्रतिशत से भी कम था। यही नहीं, खुद चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो (एनबीएस) ने जून महीने में कहा था कि चीन का सकल घरेलू उत्पाद 2023 की पहली छमाही (एच1) में सालाना आधार पर 5.5 प्रतिशत बढ़ा। पहली छमाही में चीन की जीडीपी 59,300 अरब युआन रही। आंकड़े दशार्ते हैं कि महामारी के बाद पहली तिमाही में तेज शुरूआत के बाद चीन की अर्थव्यवस्था में रिकवरी धीमी हो गई है क्योंकि चीनी उत्पादों की देश और विदेश में मांग कमजोर हो गई है और अर्थव्यवस्था को समर्थन देने वाली चीन सरकार की नीतियां आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में विफल रहीं हैं।

चीन के हालात पर गौर करें तो एक चीज जो सबसे पहले स्पष्ट रूप से उभर कर आती है वह यह है कि कोरोना वायरस के जनक चीन ने ही कोविड महामारी का दंश भी सबसे ज्यादा झेला लेकिन उसने यह बात कभी स्वीकारी नहीं। अब जब चीन में कोरोना के सख्त प्रतिबंध हटे तो लोग पहले जैसा जीवन जीना चाहते हैं लेकिन आर्थिक संकट उन्हें ऐसा नहीं करने दे रहा। चीनी मीडिया की खबरों के अनुसार लोग अब खर्च की बजाय बचत पर ज्यादा जोर दे रहे हैं क्योंकि लोगों को लगता है कि कठिन समय के लिए पैसा बचा कर रखना बेहद जरूरी है। वैश्विक मीडिया रिपोर्टों को भी देखेंगे तो पता चलता है कि लोग आगे किसी अप्रत्याशित बीमारी आने पर ईलाज के लिए पैसे बचा रहे हैं या अगर नौकरी चली जाये तो अगली नौकरी मिलने तक के खर्चे चलाने के लिए पैसा बचा रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि चीन का रोजगार बाजार बेहद कमजोर बताया जा रहा है। वहां युवा बेरोजगारी 21% से ऊपर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर है।

बेरोजगारी और नौकरी खोने के डर के चलते चीनी नागरिक बच्चे पैदा करने से बच रहे हैं। यह स्थिति तब है जब चीन की आबादी बूढ़ी हो रही है और जनसंख्या सिकुड़ रही है। चीन सरकार हालांकि बाजार में मांग को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय कर रही है जिनमें कार और घरेलू उपकरणों पर सब्सिडी, रेस्तरां के खुलने का समय बढ़ाना और पर्यटन और मनोरंजन गतिविधियों को बढ़ावा देना शामिल है। लेकिन इसका कोई असर नहीं हो रहा है। उद्योग जगत ने भी सरकार के प्रयासों को नाकाफी बताया है।

अर्थशास्त्रियों का यह भी कहना है कि चीन इस समय डिफलेशन यानि अपस्फीति का सामना कर रहा है। अपस्फीति का मतलब यह है कि लोगों के पास पैसा भले है लेकिन वह उत्पाद नहीं खरीद रहे, लोग उत्पाद नहीं खरीद रहे तो उनकी कीमतें कम हो रही हैं, फैक्ट्रियां उनका उत्पादन घटा रही हैं और रोजगार के अवसरों को कम कर रही हैं। देखा जाये तो यह स्थिति ज्यादा दिन चली तो चीन की अर्थव्यवस्था का तबाह होना निश्चित है। आंकड़े दशार्ते हैं कि चीन के फैक्ट्री-गेट कीमतों में जुलाई में गिरावट आई, क्योंकि चीनी अर्थव्यवस्था बाजार में मांग को बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रही है। अगस्त माह के आंकड़े भी जब आयेंगे तो वह जुलाई से खराब ही होंगे। जुलाई माह में चीन के निर्यात और आयात दोनों में गिरावट देखी गई थी और अगस्त में भी यही हाल रहेगा। इसके अलावा, चीन का रियल एस्टेट सेक्टर और बैंकिंग क्षेत्र भी तमाम तरह की चुनौतियों से जूझ रहा है। कम बैंक ब्याज दरों के बावजूद, चिंतित उपभोक्ता और कंपनियां पैसा खर्च करने या निवेश करने की बजाय नकदी को जमा करने पर तरजीह दे रहे हैं।

बहरहाल, चीन के पश्चिमी देशों से टकराव और उसकी विस्तारवादी नीतियों के चलते जो आर्थिक शीत युद्ध चल रहा है उसका खामियाजा भी चीन को उठाना पड़ रहा है। चीन में विदेशी निवेश लगभग बंद हो चुका है और कई बड़ी कंपनियां चीन को छोड़ चुकी हैं। इसके अलावा चीन जैसे कम मेहनताने वाले श्रमिक और बेहतर तकनीक अब कई एशियाई देशों में उपलब्ध है इसलिए बाहरी उद्योग अब चीन को छोड़ रहे हैं। इसके अलावा, चीन ने बहुत से देशों के संसाधनों पर कब्जे की नीयत से उन्हें जो भारी कर्ज दिया था उसकी भरपाई कहीं से नहीं हो पा रही है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की महत्वाकांक्षी बीआरआई परियोजना पर अब तक अरबों डॉलर खर्च हो चुके हैं। लेकिन यह योजना भी विफल होती नजर आ रही है। कुल मिलाकर चीन का आर्थिक भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है जिसका बड़ा असर उसकी विस्तारवादी नीतियों पर पड़ सकता है। देखना होगा कि क्या चीन भी पाकिस्तान की राह पर चलते हुए खराब आर्थिक संकट के बावजूद पड़ोसियों से झगड़ा बढ़ाने को ही वरीयता देता है या मिलकर रहने को तरजीह देता है।

# सपा के प्रदेश कमेटी व विधानसभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों के स्वागत समारोह का हुआ आयोजन



प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी के प्रदेश कमेटी व विधानसभा के नवनियुक्त पदाधिकारी का स्वागत समारोह का आयोजन समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर हुआ। वहीं स्वागत समारोह को संम्बोधित करते हुए नि० जिलाअध्यक्ष डां अवधनाथ पाल कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आप लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी है निश्चित रूप से जनपद जौनपुर को बहुत मजबूती मिलेगा निश्चित रूप से हमें पूरी उम्मीद है समाजवादी विचारधारा को आप लोग जन-जन तक पहुंचाएंगे बूथ स्तर तक कमेटी बनाने में अपने महत्वपूर्ण योगदान देने का काम करेंगे कहा कि आज भाजपा धर्म के नाम पर जनता को गुमराह करती है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश में कोई भी बड़ा काम नहीं किया है। जिसको लेकर जनता से वोट मांग सके। वह बुनियादी मुद्दों से भागती है। आज महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्या, बड़े मुद्दे हैं कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन एकजुट है। लोकसभा चुनाव में मुकाबला एक बहुत बुरी पार्टी से है। गठबंधन जनता के मुद्दों और विकास के लक्ष्य के साथ एकजुटता से भाजपा का मुकाबला करेगा और उसे हराएगा। कहा कि भाजपा ने जनता से सिर्फ झूठे वादे किये है। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। महंगाई, बेरोजगारी कम नहीं हुई। महंगाई का विरोध करने पर यह सरकार दुकानदारों को जेल भेज देती है। स्वागत मुख्य रूप से सपा प्रदेश सचिव, राजेश विश्कर्मा, विवेक रंजन यादव, लाल मोहम्मद रायनी, चंद्रशेखर यादव ईश्वर लाल यादव सहित विधानसभा अध्यक्ष गंड विरेन्द्र यादव, घनश्याम यादव, मिथलेश यादव, राम अकबाल यादव, रामजतन यादव सोचनराम विश्कर्मा आदि लोगों का स्वागत किया गया। समारोह में मुख्य रूप से राजेन्द्र टाइगर, श्रवण जयसवाल, राहुल त्रिपाठी, इर्शाद मंसूरी, शाजिद अलीम, हिलालाल विश्कर्मा, मेवालाल गौतम, डां जंगबहादुर यादव, निजामुद्दीन अंसारी, कमालुद्दीन अंसारी, अखिलेश यादव, संचालन नि०महासचिव अंखड प्रताप यादव ने किया ।।

# किन्नर कल्याण बोर्ड की हुई समीक्षा बैठक

बलिया। किन्नर कल्याण बोर्ड, उत्तर प्रदेश की सदस्या महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में किन्नर कल्याण बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समाज में किन्नरों के साथ होने वाले भेदभाव एवं उनके सामाजिक उत्थान के लिए जिले में किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की गई। मंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी ने बताया कि 2014 सुप्रीम कोर्ट ने हमारे पक्ष में एक ऐतिहासिक फैसला दिया। उत्तर प्रदेश सरकार ने किन्नरों के अधिकार और उनके सामाजिक उत्थान के लिए प्रदेश स्तर पर और जिले स्तर पर भी किन्नर कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है। इसके माध्यम से पहचान पत्र, ट्रांसजेंडर कार्ड ,सार्वजनिक स्थलों पर उनके लिए शौचालय, आयुष्मान कार्ड ,पुलिस सुरक्षा, शिक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी से जिले में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से मिलने वाले लाभान्वित होने वाले किन्नरों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया की सर्वप्रथम किन्नरों के लिए उनके पहचान पत्र, और ट्रांसजेंडर कार्ड बनवाना प्रमुख का कार्य है। तभी इस समाज के लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इनके लिए सार्वजनिक स्थानों जैसे बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन और शहर के मुख्य बाजार वाले स्थान पर सार्वजनिक शौचालय में ही अलग शौचालय की व्यवस्था करने के निर्देश दिया। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि शहर में मौजूद जिला अस्पताल में किन्नरों के लिए अलग से आरक्षित वार्ड होना चाहिए।इसका उद्घाटन भी इन समाज के लोगों से करवाना चाहिए जिससे इसका व्यापक प्रचार प्रसार हो सके। उन्होंने पुलिस सुरक्षा के मुद्दे पर सीओ सिटी को जनपद स्तर पर ट्रांसजेंडर सुरक्षा के लिए बने ट्रांसजेंडर सेल में दो किन्नरों को रखने का निर्देश दिया। यहां आने वाली शिकायतों को इन किन्नरों की जांच पड़ताल के वे बाद ही आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग के माध्यम से खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि स्कूलों में बच्चों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर इन समुदायों के बारे में जानकारी दें।

# डॉ. देवेन्द्र सिंह ने किया नेत्रदान पखवाड़े का शुभारंभ



बलिया। मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में प्रभारी सी एम ओ डा देवेन्द्र सिंह द्वारा नेत्रदान पखवाड़े का उदघाटन किया। कार्यक्रम के शुभारंभ के उपरांत उन्होंने नेत्रदान के लिए आम जनमानस को जागृत किया और कहा कि नेत्रदान एक अनमोल दान है जो किसी को अंधेरे से रोशनी की तरफ ले जाता है। जिला दृष्टिहीनता अधिकारी डॉ योगेन्द्र दास ने बताया कि कोई भी व्यक्ति अपने स्वेच्छा से अपना नेत्रदान कर सकता है, इसके लिए जनपद के नेत्र विभाग में एक फार्म भरकर रजिस्टर्ड करना पड़ता है तथा मृत्यु के पश्चात 6 से 8 घंटे के अन्दर नेत्र सर्जन की टीम द्वारा रजिस्टर्ड व्यक्ति के नेत्र को निकाल कर नेत्र बैंक में रखा जाता है तथा पहले से रजिस्टर्ड आंखों के मरीज को कार्निया ट्रांसप्लांट प्रत्यारोपित किया जाता है। नोडल अंधता निवारण डॉ योगेन्द्र दास ने बताया कि 38 वां नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जा रहा है, यह पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितंबर तक चलाया जाएगा इस कार्यक्रम के तहत जनपद में नेत्र की बीमारियों के लिए निशुल्क नेत्र चिकित्सीय सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। इस अवसर पर डॉ बी पी सिंह, जिला प्रशासनिक अधिकारी योगेश पाण्डेय, रणधीर सिंह, गोपाल सिंह, श्री शेखर, राजेश, शैलेश, रेड क्रॉस के उप सभापति विजय कुमार शर्मा, शैलेन्द्र पाण्डेय, उषा कुमारी इत्यादि अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# अभिनय से पहचान बनाने की ख्वाहिश : चन्दन सेठ



प्रखर जलालपुर जौनपुर। त्रिलोचन महादेव बाजार निवासी रियल हीरो की मिशाल पैदा करने वाले भोजपुरी फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ का अभिनय से लोगों को मंत्रमुग्ध कर देने में जवाब नही।इस कलाकार की अभिनय का जादू ही कुछ ऐसा है।महज 18 वर्ष की उम्र में ही चन्दन ने अभिनय की दुनिया में अपनी पहचान बनानी शुरू कर दी।चन्दन ने भोजपुरी एलबम से अपने अभिनय की शुरूआत की।पहला एलबम देवी गीत टी-सीरिज से 'शेरवा पर बईठल माई' से शुरूआत की।इसके बाद एक पर एक ऑफर आने शुरू हो गऐ।चन्दन ने आज दर्जन भर से ज्यादा भोजपुरी व हिन्दी एलबमों में काम किया है।महज 18 वर्ष की उम्र से ही अभिनय की दुनिया में कदम रखा और अपने अभिनय के बल पर आज दर्जन भर से ज्यादा एलबम में काम कर चुके है।चन्दन ने डांस एक्टिंग की ट्रेनिंग भी ली है।चन्दन का लक्ष्य भोजपुरी व हिन्दी फिल्मों में सफल कैरियर बनाने का है। बहुत जल्द चन्दन भोजपुरी फिल्म रंगीला बनारस,बैरी कंगना फिर से की शूटींग मिजार्पुर, वाराणसी व जौनपुर शहर के रमणीय स्थलों पर करेंगे।चन्दन की आने वाली हिन्दी एलबम 'बेवफा की याद' 'रात कटे तारे गिन गिन बहुत ज्लद युट्युब पर देखने को मिलेगा।चन्दन की हाल ही में रिलीज भक्ती गीत 'त्रिलोचन धाम हो' युट्युब पर धमाल मचाऐ हुए है।जो लोगों द्वारा खुब पसन्द किया जा रहा है।चन्दन अभिनय की दुनिया में रूचि रखने वाले आगे इस क्षेत्र में नाम कमाना चाहते है।और अपने अभिनय को विश्व पटल पर चमकाना चाहते है।चन्दन अभिनय के साथ-साथ देश के प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान से प्रेरित होकर समय समय पर स्वच्छता अभियान भी चलाते है।चन्दन समाज सेवा में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है।ज्ञात हो लॉक डाउन में चन्दन ने राहगीरों को भोजन सहित राशन वितरण किया।ठंड के मौसम में गरीब व असहायों में कंबल वितरण,व अलाव की व्यवस्था व गर्मी में राहगीरों के लिए जगह-जगह प्याऊ की व्यवस्था भी करते रहते है।चन्दन अब तक 35 हजार से ज्यादा पौधों का पौधरोपण भी कर चुके है।चन्दन के चाहने वाले उन्हे रियल हीरो के नाम से भी जानते है।चन्दन के कार्य को देखते हुए उन्हे कई बड़े मंचो पर सम्मानित भी किया जा चुका है।चन्दन अभिनय के साथ-साथ समाजसेवा से भी जुड़े रहते हैं।

# बूथों पर कार्यकताओं के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी गई



प्रखर रामनगर वाराणसी। संत विनोबा बंगाली भाई पैलेस में बूथ संख्या 396 भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में मंडल के बूथों पर कार्यकताओं के साथ देश के प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात सुनी गई जिसमें मन की बात के 104 वें ए?पिसोड में देश की एसएससी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने चंद्रयान-3 की सफलता का जिक्र किया तथा संस्कृत भाषा को वैज्ञानिकता का चर्चा करते हुए कहा संस्कृत भाषा दुनिया के सबसे प्राचीन भाषाओं में एक है इसे कई भाषाओं का जननी भी कहा जाता है संस्कृत भाषा अपने वैज्ञानिकता और व्याकरण के लिए जानी जाती है भारत का कितना ही प्राचीन ज्ञान हजारों वर्षों तक संस्कृत भाषा में संरक्षित किया गया है साथ ही वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम में भारतीय खिलाड़ियों द्वारा दिए गए जीते गए पदको लेकर देशवासियों को बधाई दिया एवं जी-20 सीमिट लीडिंग के लिए भारत तैयार है का संदेश दिया। ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह नंदलाल चौहान मधुकर पांडेय डॉ अनुपम गुप्ता सर्वेंद्र विक्रम सिंह सतेंद्र सिंह पिंटू अमित सिंह चिंटू प्रशांत सिंह प्रिती सिंह जितेंद्र पांडेय अशोक जायसवाल पंकज बारी सुनील मालाकार सुनील श्रीवास्तव राजेंद्र शंकर पटेल सृजन श्रीवास्तव मोनिका यादव लल्लन सोनकर मनोज यादव आशुतोष पांडेय अर्जुन शर्मा अभिषेक सिंह रितेश पाल संजय बाल्मीकि प्रीति सिंह रामू यादव वीरेंद्र तिवारी संतोष श्रीवास्तव राम इकबाल सिंह सत्येंद्र बारी देवेंद्र प्रताप सिंह विनोद पटेल अविनाश चौहान राजन पाठक सूचित पाठक अंकित राय निक्की सिंह अरुण कुमार दुर्गा साहनी पुष्पा देवी दीपक श्रीवास्तव आशीष चौहान राहुल कुमार कंचन निषाद सुनील गुप्ता विकास बघेल शिवम सिंह सेठ नरसिंह मौर्य अमृता दुबे प्रमुख रूप से रहे।

# बच्चों के बीच केक काटकर मनाया मदर टेरेसा का 113वां जन्म दिवस मनाया गया



बलिया। मदर टेरेसा बाल शिक्षा सेवा समिति के संस्थापक द्वारा शहर बलिया के समीप ग्राम परमंदापुर के स्कूल में स्कूली बच्चों के बीच विश्व की प्रथम समाजसेवी महिला वह भारत रत्न से सम्मानित महिला का 113 व जन्मदिन स्कूली बच्चों के बीच मनाई गई इस अवसर पर समिति के प्रबंधक व सामाजिक कार्य करता वरिष्ठ कांग्रेस नेता जाकिर हुसैन ने मदर टेरेसा बाल सेवा शिक्षा समिति के द्वारा किए गए समाज सेवा को बच्चों के बीच बताई की मदर टेरेसा एक ऐसी महिला थी कि जिन्होंने अपना पूरा जीवन के दबे कुछुड़े यहां तक की कुष्ठ रोगियों की सेवा में बिताया उनकी इस समाज सेवा नहीं भारत सरकार को मदर टेरेसा को भारत रत्न से सम्मानित करना पड़ा जाकिर हुसैन जी ने बताया की बच्चों को आज जरूरत है इस महान समाज सेविका की पद चोन पर चलने का यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी कार्यक्रम में मौजूद कार्यक्रम में मौजूद नौशाद, अनस, सिराज ,अरहम , इश्तियाक अखिलेश कुमार, आयान खान , अलीशा,मनजीत, एम डी अयान शेख, मोहम्मद अली, मोहम्मद फैज व आदि लोग शामिल रहे।

# एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने बूथ नम्बर 138 पर सुनी कार्यकर्ताओं संग मन की बात



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक कार्यक्रम "मन की बात" के लगातार 104 वें संस्करण को भारतीय जनता पार्टी ने बुथ स्तर पर सुना तथा बुथ बैठक कर मतदाता चेतना अभियान में प्रत्येक व्यस्क के नाम को मतदाता सूची में शामिल कराने का निर्णय लिया। जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने जखनियां विधानसभा के मंडल मनिहारी प्रथम, शक्ति केंद्र बरहट के बूथ 351 पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात को सुनते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षी दलों में असंतोष व्याप्त है,आज विपक्ष के पास कोई नैतिक विषय ही नही बचा है जिसको लेकर वह जनता के बीच जा सके।

गाजीपुर सदर विधानसभा के बुथ संख्या 138 महाराजगंज के हीरा पैलेस में विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के कोने कोने से समाज में छोटी से छोटी घटनाओं, आयोजनों एवं प्रतिभाओं आदि को राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा कर उसको देश की मुख्य धारा से जोडना तथा प्रोत्साहित करना मन की बात का मुख्य उद्देश्य है?। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को लोग उत्साह से इस कार्यक्रम को सुनने के लिए उत्सुक रहते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में सबका नाम हो यह प्रयास जरूरी है। इस अवसर पर बिरनो ब्लाक प्रमुख राजन सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल राय, अच्छेलाल गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, मनोज बिंद, अनिल जायसवाल, कमलेश बिंद, रामजी बलवंत, मोहन जायसवाल, रंजीत कुमार,डा प्रदीप पाठक,महेश पासी आदि उपस्थित रहे। भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने रौजा पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 104 वें एपिसोड को सुना जहां विष्णु पांडेय,माधुरी पांडेय,मीरा कुशवाहा ,रामकेवल कुशवाहा,राजेन्द्र कुशवाहा, चमेली कुशवाहा, नगीना कुशवाहा, प्रमोद राय बूथ अध्यक्ष, आयुषी कुशवाहा ,आशा तिवारी आदि उपस्थित रही।

वंशी बाजार विवेकानन्द कालोनी में जिला महामंत्री प्रवीण सिंह, तुलसी सागर में जिला उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह, जंगीपुर विधानसभा के मलिकनाथपुर बुथ पर राज्य सलाहकार समिति के सदस्य एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष शैलेश राम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुना। भाजपा के वरिष्ठ नेता संकठा प्रसाद मिश्र ने मानपुर में, जिला महामंत्री ओमप्रकाश राय ने रेवतीपुर, सुनील सिंह ने सुहवल मंडल के बूथ संख्या 322 चकमेदनी नं०-1 पर सुना। जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश राम ने जखनियां विधानसभा के रायपुर बुथ पर मन की बात हुए प्रियम्बदा मिश्रा के आवास पर बुथ अध्यक्ष सहित अन्य कार्यकताओं के साथ सुना।

## संक्षिप्त खबरें

### सहकार से समृद्धि अंतर्गत बी पैक्स सदस्यता अभियान 1 सितम्बर से 30 सितम्बर तक



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सहकार से समृद्धि के अन्तर्गत बी-पैक्स सदस्यता महाअभियान 2023 जो 01 सितम्बर, 2023 से 30 सितम्बर, 2023 तक संचालित किया जा रहा है। आज दिनांक 27.08.2023 को जिला पंचायत सभागार गाजीपुर में वीरेन्द्र सिंह, सभापति डी०सी०एफ० की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी जिसमें सरोजेश सिंह, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लि०, गाजीपुर मुख्य अतिथि तथा विजय शंकर राय, निदेशक इफको नई दिल्ली विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, अंसल कुमार द्वारा सहकार से समृद्धि योजना के सम्बंध में विस्तार से बताया गया तथा 01 सितम्बर, 2023 से प्रारम्भ होने वाली सदस्यता महाअभियान के सम्बंध में प्रत्येक बी पैक्स को 200 नये सदस्य बनाये जाने का अनुरोध किया गया। कैलाश चन्द, सचिव/मुख्यकार्यपालक अधिकारी द्वारा नये सदस्य बनाये जाने से सदस्य, बी पैक्स एवं जिला सहकारी बैंक को क्या लाभ होगा, के सम्बंध में जानकारी दी गयी। सरोजेश सिंह अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लि०, गाजीपुर द्वारा भी प्रत्येक समिति में 200 नये सदस्य बनाये जाने एवं पुराने सदस्यों से भी अंशधन के रूप में धनराशि जमा करने की अपेक्षा की गयी तथा सचिव से अंशधन प्रमाण पत्र भी जारी करने की अपेक्षा की गयी। सदस्यता महाअभियान के अन्तर्गत प्रत्येक सदस्य से 221 रुपए की धनराशि जमा करायी जानी है। यह धनराशि ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनो प्रकार से जमा की जा सकती है। सहकारी स्वयं सेवक के माध्यम से उक्त धनराशि ऑफलाइन माध्यम से जमा की जा सकती है। इस अवसर पर बी-पैक्स के समस्त अध्यक्षगण, संचालकगण, सहकारी संघ के अध्यक्ष समस्त क्रय-विक्रय समितियों के अध्यक्ष तथा जिला सहकारी बैंक लि०, गाजीपुर के समस्त संचालकगण उपस्थित रहे। सभी अध्यक्षगणों द्वारा इस अभियान को सफल बनाने का आश्वासन दिया गया।

### डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई



प्रखर अमर कंटक (मध्य प्रदेश)। डॉ. हरि शंकर कुमार जी छत्तीसगढ़ के "बिलासपुर शहर के भूमि उपयोग और पर्यावरणीय परिवर्तन" पर पिछले 6 वर्षों से शोध कार्य कर रहे हैं। इन्होंने अपना शोध-प्रबंध भूगोल विभाग से पूर्ण करने के उपलक्ष में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। शोध प्रबंध जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के भूगोलवेत्ता प्रो० बी. सी० वैद्या और केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के प्रो० मुरारी लाल मीणा जी ने मूल्यांकन किया। आपने शोध प्रबंध के मौखिकी (Viva-voce) में पर्यवेक्षक के रूप में प्रो० मुरारी लाल मीणा जी के सभी प्रश्नों का तथ्यात्मक उत्तर देकर सरलता से प्रस्तुतीकरण किया। प्रो० मीणा जी ने शोध से संबंधित बहुमुल्य सुझाव देते हुए भविष्य में अच्छे शोधकार्य करने की शुभकामनाएं दीं। डॉ. हरि शंकर कुमार जी मूलतः बिहार के पटना और गया के निवासी हैं। इनकी शिक्षा दीक्षा गया (बिहार), काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बी०एच०यू०, उत्तरप्रदेश), और अमरकंटक (मध्यप्रदेश) से पूर्ण हुई है। आप अध्ययन - अध्यापन के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभाते आए हैं। वर्तमान में "प्रणाम नर्मदा युवा संघ" में सहयोगी की भूमिका निभाते हुए जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, और महिला स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम से सम्बंधित कई अभियानों में सम्यक रूप से अपनी महती भूमिका का निर्वहन कर रहें है। इसके अतिरिक्त, आप मंगल भूमि फाउंडेशन (बांदा, उत्तर प्रदेश) की ओर से पानी बचाओ अभियान चलाने वाले राम बाबू तिवारी के साथ मिलकर बुंदेलखंड के चित्रकूट में मंदाकिनी नदी अध्ययन पर कार्यशाला आयोजित कर देश के युवाओं को जागृत कर रहे हैं। साथ ही आप वतर्मान में कोया पूनम गोंडवाना महासभा में राष्ट्रीय उप सचिव के पद पर रहते हुए जनजातीय समुदाय के बीच कार्य कर रहे हैं।

### चोरी की बाइक के साथ दो नाबालिग गिरफ्तार

पिंडरा। सिंधोरा पुलिस ने दो दिन पूर्व घर के सामने से चोरी हुई बाइक के साथ दो नाबालिग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र के सैरया निवासी विनोद वर्मा की बाइक घर के सामने खड़ी थी। दो दिन पूर्व चोरी हो गई थी। जिसकी रपट थाने में दर्ज होने के बाद पुलिस बरामदगी में लगी थी। वही बाइक चोरी करने के बाद उसे बेचने के लिए कई जगह बात की लेकिन नही बनी। इसी बीच पुलिस को मुखबीर की सूचना पर मोटर साइकिल के साथ मरूई शिवपुर मोड़ के पास से दो नाबालिक को गिरफ्तार किया। नाबालिकों ने बताया कि जेब खर्च के लिए स्पलेंडर बाइक चोरी की थी। पुलिस ने धारा 379, 411 के तहत जेल भेज दिया।

### पुरुषार्थ बाबू जी पेट्रोलियम पेट्रोल पंप का उद्घाटन संपन्न



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। क्षेत्र के खेमईपुर मुजडिह स्थित मशहूर पहलवान स्वर्गीय बाबू जयनाथ सिंह के पुत्र डा नाहर सिंह ने गांव के ही मुख्य सड़क पर पुरुषार्थ बाबूजी पेट्रोलियम के नाम से नए पेट्रोल पंप का शुभारंभ किया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के सेल्स ऑफिसर अभिषेक सिंह के हाथों संपन्न हुआ, डा नहर सिंह ने बताया कि क्षेत्र की जनता एवं आसपास के वाहन स्वामियों को उच्च गुणवत्ता बेहतर मानक के साथ ईंधन उपलब्ध कराना ही हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। इस उद्घाटन समारोह में समर सिंह रणजीत सिंह विक्की सिंह बंटी सिंह अवनीश सिंह एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

बॉलीवुड



# नोरा विद्युत के साथ

बॉलीवुड अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही ने फिल्म रोरः टाइगर्स ऑफ द सुंदरबन्स से अभिनय की शुरुआत की और बाटला हाउस, स्ट्रीट डांसर, भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया और अन्य फिल्मों में अभिनय किया। उन्होंने हाल ही में आयुष्मान खुराना की फिल्म एक्शन हीरो में कैमियो भूमिका निभाई। अब विद्युत जामवाल के साथ क्रैक एक्सट्रीम स्पोर्ट्स एक्शन फिल्म के लिए साथ नज़र आएगी। विद्युत ने खुद को एक्शन थ्रिलर जोनर में प्रमुख अभिनेता के रूप में साबित किया है। विद्युत ने कहा, 'यह भारत की अब तक की पहली एक्सट्रीम स्पोर्ट फिल्म है। यह प्रामाणिक है और यह एक्सट्रीम स्पोर्ट एथलीटों के बारे में है। हमने इसका 60 प्रतिशत हिस्सा पूरा कर लिया है।' नोरा 100% कॉमेडी फिल्म में दिखाई देने वाली हैं, जहां वह शहनाज गिल और रितेश देशमुख के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। इसके अतिरिक्त, कुणाल खेमू की मडगांव एक्सप्रेस है, जिसमें वह प्रतीक गांधी और दिव्येंदु शर्मा के साथ हैं। वह रेमो डिसूजा के डांस ड्रामा डांसिंग डैड का भी हिस्सा हैं, जिसमें अभिषेक बच्चन मुख्य भूमिका में हैं। मटका नामक बहुभाषी फिल्म में भी हैं।

## मोहित रैना ने जारी रखी शूटिंग

'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक', 'शिद्दत', 'भौकाल', 'मुम्बई डायरीज 26/11', और 'काफिर' में अहम रोल निभा चुके मोहित रैना 'द फ्रीलांसर' में अविनाश कामथ की भूमिका में सीरिया में फंसी लड़की का रेस्क्यू ऑपरेशन करते नजर आ रहे है। शूटिंग के दौरान मोहित रैना घायल हो गए थे। मोहित ने कहा, 'मुझे घुटने की चोट का सामना करना पड़ा, जो निःसंदेह चुनौतियों का बाढ़ लेकर आयी। हम अक्सर शर्तो को अपने नियंत्रण से बाहर कर लेते है।' नीरज पांडे द्वारा निर्मित और भाव धूलिया द्वारा निर्देशित, यह शो 1 सितंबर को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होने के लिए तैयार है। 'शो के कलाकारों में अनुपम खेर, कश्मीरा परदेशी, सुशांत सिंह, जॉन कोककेन, गौरी बालाजी और नवनीत मलिक भी प्रमुख भूमिका है। मोहित रैना ने कहा, 'शुरुआती विफलताओं से लेकर परिपक्व होने तक का बदलाव दिखाना था। उसने जिन्दगी को अपने हिसाब से जिया और अनुभव लिया। शुरूआत में हमने उसे पतला दिखाने की कोशिश की, जबकि मौजूदा वक्त में उसके बाल थोड़े ग्रे है। ड्रिंक करने के दृश्यों में मुझे हमेशा परेशानी होती है, यह मेरे लिये आसान नहीं है। इसके अलावा ऐक्शन बहुत ज्यादा था और रोजाना उस क्षेत्र में रहने की आदत डलनी थी।'





## ताकत स्त्रीत्व को छीन नहीं सकती तमन्ना भाटिया

थ्रिलर 'आखिरी सच' की घोषणा की, जो सच्ची घटनाओं से प्रेरित है में अनन्या की भूमिका निभा रही तमन्ना भाटिया मौतों के रहस्य को उजागर करने के मिशन पर निकलती है। रॉबी ग्रेवाल द्वारा निर्देशित और सौरव डे द्वारा लिखित, आखिरी सच डिज्नी+ हॉटस्टार पर अभिषेक बनर्जी, प्रतीक सहजपाल, शिविन नारंग, दानिश इकबाल, निशु दीक्षित, कृति विज और संजीव चोपड़ा के साथ ले जाता है। तमन्ना ने कहा, 'महिला का मजबूत होना उसे उभयलिंगी नहीं बनाता है। ताकत स्त्रीत्व को छीन नहीं सकती, यह स्त्रीत्व की एक और संपत्ति है। महिलाएं हमेशा से बहुत सहज रही है, यह महिलाओं का सहज स्वभाव है, हमारे पास हमेशा हर चीज के लिए अंतरज्ञान होता है।'



## शब्द सीखने पड़े- अनुपम खेर

एक्सट्रैक्शन सीरीज 'द फ्रीलांसर' 1 सितंबर, को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज होने के लिए तैयार है। अनुपम खेर डॉ. खान की भूमिका निभा रहे है, ने अपनी तैयारी के सबसे मुश्किल हिस्से के बारे में बताया। अनुपम खेर ने कहा, 'मुझे इसमें बहुत सारी पंक्तियां और बहुत सारी तकनीकी अभिव्यक्तियां और शब्द सीखने पड़े। संवाद बहुत ही क्रिस्प और सटीक है। यह खुशी भी है और कठिन बात भी, क्योंकि इसमें भावनाएं कम होती हैं। मुझे डायलॉग तब याद आते है, जब उसमें भावनाएं शामिल होती हैं। यह कठिन था लेकिन लाभदायक भी था।'



## ड्रीम गर्ल -2 : हंसी का दंगा



ड्रीम गर्ल- 2 स्क्रीन पर आ गई है, इसमें जबरदस्त कॉमेडी और आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे की जोड़ी है, जिनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री शानदार है। फिल्म के कलाकारों में अन्नू कपूर, परेश रावल, विजय राज, राजपाल यादव, असरानी साब, मनोज जोशी, अभिषेक बनर्जी, सीमा पाहवा, मनजोत सिंह शामिल है। निर्देशक राज शांडिल्य ने कहा, 'ड्रीम गर्ल- 2 ऐसी फिल्म है जो चाहे आप रोमांटिक कॉमेडी के प्रशंसक हों या बस मनोरंजक फिल्म की तलाश में हों, इसमें हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। यह हंसी का दंगा है, हमने अपना दिल और आत्मा लगा दी है।

## लॉस्ट एंड फाउंड इन सिंगापुर

एमएक्स स्टूडियो, सिंगापुर पर्यटन बोर्ड (एस.टी.बी) के साथ साझेदारी करके भारतीय ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इंटरैक्टिव फिल्म 'लॉस्ट एंड फाउंड इन सिंगापुर' के माध्यम से खोज की यात्रा पर ले जाते है। मूल फिल्म एकल यात्री (रित्विक धनजानी) और साहस की तलाश करने वाली लड़की (अपूर्वा अरोड़ा) की यात्रा पर आधारित है। सिंगापुर के प्रतिष्ठित स्थलों और छिपे रत्नों के बीच, उनकी नियति है। दर्शक अपनी पसंद का मार्गदर्शन करते है, विविध पथ और अद्वितीय देखने के अनुभव बनाते है। रित्विक कहते है, 'अविश्वसनीय यात्रा रही है। इंटरैक्टिव फॉर्मेट ने मुझे चुनौती दी, प्रत्येक विकल्प से अलग परिणाम होगा। मैं उतावला महसूस कर रहा हूँ। अपूर्वा कहती है, 'न केवल पात्रों के लिए बल्कि हमारे लिए भी। रित्विक और मेरे बीच की केमिस्ट्री महत्वपूर्ण थी।'

## नवाजुद्दीन और अनुराग कश्यप की रिवेंज ड्रामा

डायरेक्ट-टू-डिजिटल फिल्म 'हड्डी' इला अरुण, मोहम्मद जीशान अय्यूब, सौरभ सचदेवा, श्रीधर दुबे, राजेश कुमार, विपिन शर्मा और सहर्ष शुक्ला के साथ प्रमुख भूमिकाओं में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अनुराग कश्यप है। 'हड्डी' का प्रीमियर 7 सितंबर को जी 5 पर होगा। जिसमें नवाजुद्दीन ट्रांसजेंडर 'हद्दी' के जीवन की झलक है, जो गिरोह में शामिल होने के लिए इलाहाबाद से दिल्ली आता है। यह ट्रांसजेंडर्स परिवार का बदला लेने के लिए आपराधिक शीर्ष पर चढ़ जाता है, जिसके साथ गैंगस्टर से राजनेता बने अनुराग कश्यप ने अन्याय किया था। अनुराग कश्यप ने कहा, 'मुझे अक्षत पर गर्व है और उसने 'हड्डी' को बनाने में जो कड़ी मेहनत की है, उस पर गर्व है। अक्षत ने कई वर्षों तक एडी (सहायक निर्देशक) के रूप में मेरी सहायता की है, मै काफी भाग्यशाली था कि मुझे निर्देशक के रूप में उनकी पहली फिल्म में अभिनेता के रूप में अगली पंक्ति की सीट मिली। नवाज को इस अपरिचित लेकिन मार्मिक भूमिका में पसंद करने वाले है क्योंकि उन्होंने फिर खुद को मात दे दी है। इला अरुण ने कहा- 'दिलचस्प कहानी, विस्तृत स्क्रिप्ट और आकर्षक कथानक के साथ, हड्डी अलग और विशेष प्रकार की बदला लेने वाली ड्रामा फिल्म है। रेवती मां की भूमिका निभाना खास था क्योंकि वह महत्वपूर्ण किरदार है। संयोग से, मै फिल्म में एकमात्र महिला कलाकार भी हूं।' ■





टीवी

## ऐशोआराम-पसंद बहू डॉल्फिन दुबे

जी टीवी नया फिक्शन शो 'क्योंकि... सास मां, बहू बेटी होती है' लेकर आ रहा है। जो कहानी गुजरात की है, जहां धूमधाम से चल रहे नवरात्रि उत्सव के दौरान पालनपुर के राजगौर परिवार में तूफान उठने वाला है, जब छोटी बहू हेतल, बहू की पारंपरिक भूमिका निभाने से इंकार कर देती है। डॉल्फिन दुबे हेतल का रोल निभाएंगी। डॉल्फिन बताती है, 'मै बेहद उत्साहित हूं। मेरा किरदार हेतल की राय और उसके विचार परिवार के विचारों से टकराते है, जिसमें उसके पति भी शामिल है, इसी वजह से गलतफहमियां और टकराव पैदा होते है। हेतल हमेशा सबसे पहले खुद को तरजीह देती है। मै बड़ी इमोशनल इंसान हूं और मुझे अपने खुद के व्यक्तित्व को बदलना पड़ा। यह बड़ा मुश्किल काम है।'



## बच्चों को कर रहे सशक्त

कार्टून नेटवर्क और पोगो, स्कूल कॉन्टेक्ट प्रोग्राम (एससीपी) के 16वें एडिशन का 10 लाख से अधिक बच्चों से जोड़ती है। 16 शहरों के लगभग 1400 स्कूलों में यंग माइंड्स तक के साथ तैयार किया हैः बच्चों के दैनिक जीवन के आवश्यक चीजों के रूप में रीसाइक्लिंग और एनर्जी कंजर्वेशन जैसी बातों को सपोर्ट करता है, जो बेहतर समाज में उनके एक्टिव कॉन्ट्रीब्यूशन को बढ़ावा देती है। पोगो की थीम हीरोज ऑफ काइंडनेस, प्रत्येक बच्चे के बीच दयालुता के विभिन्न कार्यो को प्रेरित और बढ़ावा देकर अधिक पॉजिटिव, ज्वायफुल और हेल्दी कम्युनिटी बनाने के लिए समर्पित है।




## सतर्क रहने की दमदार कोशिश

स्टार भारत ने क्राइम शो की सहायता से लोगों को सतर्क रहने में भी मदद की है। क्राइम शो के क्राइम के खिलाफ लोगों को जागरूक करेगा, साथ ही मदद भी करेगा। इसको होस्ट करने के लिए राहुल देव और शेफाली शाह के नाम सूची में शामिल है। अपराध के प्रति लोगों में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता फैलाने को लेकर ऐसे अनुभवी और गंभीर कलाकारों द्वारा सुझाई गई तरकीब न सिर्फ लोगों को याद रहेगी बल्कि इसका उन पर गहरा असर पड़ने से वे आगाह भी रहेंगे। सही तरीके से जागरूक रहेंगे।




## शुरुआत की याद आती है - अयूब खान

कलर्स के 'नीरजा... एक नई पहचान' में नीरजा के ससुर की भूमिका निभाने वाले अभिनेता अयूब खान मानते है कि उन्हें नीरजा को इतना परफेक्ट प्रदर्शन करते हुए देखकर अपने शुरु आती वर्षों की याद आती है। अयूब कहते है- 'नई पीढ़ी के कलाकारों को चमकते हुए और शानदार काम करते और जीवंत करते हुए देखना अद्भुत है। मै आस्था की व्यावसायिकता और नीरजा से बहुत प्रभावित हूं। जब मैने अभिनेता के रूप में यात्रा शुरू की थी तो मै अपनी पूरी क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित था। मै उनमें वही जुनून देखता हूं, जिसने मुझे अपने करियर की शुरुआत में प्रेरित किया था।'




## मुख्य किरदार में धीरज

अभिनेता धीरज धूपर ने जल्द ही 'सौभाग्यवती भव' के नए सीजन में चुनौतीपूर्ण और अनूठे किरदार को लेकर खास बातें बताई। धीरज बताते है, 'मै रोमांचित हूँ, मै बहुत उत्साहित हूँ, चूँकि यह बेहद चुनौतीपूर्ण किरदार है और यह बहुत अलग है।' धीरज कहते है 'अपनी सीमाओं को पार करना ही यात्रा को रोमांचक बनाए रखता है और जुनून सहित इस नई चुनौती को स्क्रीन पर नया आयाम लाने और अविस्मरणीय अनुभव के लिए उत्सुक हूं।'



## शो में शामिल श्रेष्ठ

कलर्स पर चल रहा शो 'अग्निसाक्षी...एक समझौता', सात्विक भोसले और जीविका राणे की भूमिका आशय मिश्रा और शिविका पाठक ने निभाया है। भोसले परिवार के सबसे बड़े बेटे और राजनंदिनी के पति उत्कर्ष के किरदार में अभिनेता श्रेष्ठ कुमार सात वर्षों से लापता रहने के बाद आता है। श्रेष्ठ कहते है, 'मुझे सकारात्मक भूमिका में देखेंगे, जिसे सभी का प्यार और सम्मान मिलता था। जिसे कई सालों तक बंधक बनाकर रखा गया है और उसकी याददाश्त चली गई है।'




## हेमंत बृजवासी के भाई ने किया इम्प्रेस

सारेगामापा में हिमेश रेशमिया, नीति मोहन और अनु मलिक बतौर जज है। मथुरा के होशियार बृजवासी ने 'आज इबादत' गाने पर शानदार परफॉर्मेंस दिया। सारेगामापा लिटिल चैम्प्स 2009 के विजेता हेमंत बृजवासी के भाई है। सारे जज उनकी परफॉर्मेंस से वाकई इम्प्रेस थे और जब उन्हें पता चला है कि वो हेमंत के भाई है तो उन्हें बेहद गर्व हुआ। जब होशियार ने बताया कि वो खुद के दम पर अपना नाम बनाना चाहते है ना कि अपने भाई के नाम और शोहरत पर आगे बढ़ना चाहते है, तो उनकी ईमानदारी सभी के दिलों को छू गई।



## आधी पंजाबी शिल्पा

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के शो, 'इंडियाज़ गॉट टैलेंट-सीजन 10' में गुरदास मान, जिन्हें प्यार से 'मान साहब' कहा जाता है, करिश्मा और मेलोडी का आकर्षक ब्लेंड लेकर आए। अपनी शानदार आवाज से कई चार्ट-टॉपर्स से संगीत उद्योग को गौरवान्वित करने वाले, उस्ताद शीर्ष 14 प्रतियोगियों की काबिलियत देखने के लिए तैयार है! दिल्ली के फरहान साबिर छाप तिलक पर कव्वाली दिल छू लेंगे। मान साहब कहेंगे- 'हज़रत अमीर खुसरो की यह कव्वाली असाधारण है। उनकी ज़ुबान से निकले शब्द अटल है और कोई भी उन्हें उनकी राह से नहीं डिगा सकता।' शिल्पा बताएंगी कि वर्कआउट के दौरान वह गुरदास मान के गाने सुनती है। वह कहती है, 'मेरी शादी पंजाबी परिवार में हुई है, मै आधी पंजाबी बन गई हूं। मै पहले भी गुरदास जी की प्रशंसक रही हूं लेकिन आपके गीतों के अर्थो की गहराई मुझे मेरे पति ने समझाई।'



## भोला का उत्सव शिव मंदिरों में

एक्टर अजय देवगन का रौद्र रूप, जहां योद्धा बनकर करेंगे दुश्मनों पर प्रहार! आज रात 8 बजे, जी सिनेमा पर। भगवान शिव की महिमा को नमन करते हुए वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर और नासिक के त्रयंबकेश्वर मंदिर पर शिव भक्तों की आराधना में शामिल होकर अद्भुत माहौल बना दिया। अजय देवगन बताते है, 'भोला भव्य एक्शन फिल्म है, जिसमें गहरे जज्बात हैं। डायरेक्टर और एक्टर, में भोला बनाना मेरे लिए दिलकश सफर रहा। फिल्म में बाप-बेटी का दिल छू लेने वाला रिश्ता यकीनन बहुत-से लोगों से जुड़ जाएगा।"




## बुरी योजना के बीच पुष्पा

पुष्पा इम्पॉसिबल सिंगल मां पुष्पा (करुणा पांडे) महिला पटोला बुनकरों की मदद करने के लक्ष्य को पूरा कर रही है। करुणा पांडे ने कहा, 'पुष्पा वीरेन को चुनौती देने के कारण अपनी उद्यमशीलता के सफर में कई समस्याओं का सामना कर रही है। आत्मविश्वास से भरपूर और लक्ष्य पूरा करने के लिए प्रेरित व्यक्ति होने के नाते, पुष्पा अपने रास्ते में आने वाली हर चीज का सामना करने और महिलाओं को उनके काम के अनुसार उचित हिस्सा देने के लिए दृढ़ संकल्पित है।'



## कार्तिक की मुसीबतें

सोनी सब का नवीनतम शो, 'वंशज' में युविका है, जिसे अंजलि तत्रारी ने जीवंत किया है। जो युविका के खिलाफ साजिश रचते है। ताकि कार्तिक में असुरक्षा की भावना बढ़े और गलतफहमी पैदा हो। अंजलि ने कहा, 'युविका खुश है कि कार्तिक को महाजन परिवार से स्वीकृति मिली है हालांकि, डीजे के साथ उसकी बढ़ती दोस्ती से वह परेशान भी है। कार्तिक युविका को सरप्राइज देने के लिए निमंत्रित करता है, मै काफी रोमांचित हूं।' कार्तिक का किरदार निभाने वाले, जान खान ने कहा, 'कार्तिक और डीजे की दोस्ती गहरी होती जा रही है, जिससे युविका असहज है, ट्विस्ट और टर्न सामने आ रहे है, यह दिलचस्प मोड़ की शुरुआत है।'



## नौशीन टेलीविजन पर वापस

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के 'बरसातें मौसम प्यार का' की कहानी दो मजबूत इरादों वाले व्यक्तियों को भावनाओं के जटिल जाल में फंसते हुए दिखाती है। नौशीन अली सरदार आराधना की बायोलॉजिकल मां, मालिनी खन्ना की भूमिका निभाएंगी। मालिनी महत्वाकांक्षी और सफल महिला है। नौशीन ने कहा, 'यह घर वापसी जैसा है ,जो आपके दिल को छू जाती है। मालिनी खन्ना के किरदार को जीवंत करना और कई तरह की भावनाओं को समझने का मौका मिलेगा। मालिनी दृढ़निश्चयी और महत्वाकांक्षी होते हुए भी हर किसी के प्रति बहुत विनम्र और गर्मजोशी से भरी हुई है।'



## आलसी जीनियस 'आदिराज प्रधान'

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की फिक्शन पेशकश, 'काव्या - एक जज़्बा, एक जुनून' में सुम्बुल तौकीर महत्वाकांक्षी आईएएस अधिकारी, 'काव्या' की भूमिका निभाती नजर आएंगी। मजबूत महिला किरदार के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती यह कहानी काव्या के सफर को उजागर करेगी, जिसका उद्देश्य देश की सेवा करना और साथ ही परिवार के मूल्य पर भी जोर देना है। मिश्कत वर्मा 'आलसी जीनियस', अधिराज तेज दिमाग के साथ स्वाभाविक प्रतिभा रखते है, जो उत्कृष्टता हासिल कर लेता है। वो महिलाओं की सफलता और स्वतंत्रता के लिए चीयरलीडर है। मिश्कत कहते है, 'वो उन नायकों से बिल्कुल अलग है, जिन्हे टेलीविजन पर देखते है। वो बहुत वास्तविक है, थोड़ा-सा विद्रोही है, समानता में यकीन रखता है और मजाक-पसंद इंसान है। जीवन को बहुत गंभीरता से नहीं लेता और हर पल को खुलकर जीने की उसकी क्षमता।'



## पूरे किए 200 एपिसोड्स

जी टीवी का फिक्शन शो 'मैत्री' ने 200 एपिसोड्स पूरे कर लिए, ऐसे में सेट पर केक काटकर जश्न मनाया गया। श्रेनु पारिख ने कहा, 'यह शानदार और बहुत मुश्किल सफर रहा लेकिन हमने 200 एपिसोड्स पूरे कर लिए है। जश्न का मौका है!' समर्थ जुरेल ने कहा, 'हम सभी ने केक काटकर छोटा-सा सेलिब्रेशन किया।' भाविका चौधरी कहती है, 'मै बेहद शुक्रगुजार हूं। कलाकार वाकई बहुत बढ़िया है और सभी एक दूसरे के बेहद करीब है।' इशिता गांगुली ने भी कहा, 'मै हाल ही में शो में आई हूं और बेहद खुश हूं।'






## कलाकार मनाते हैं ओणम


केरल में हर साल राजा महाबली की घर वापसी की याद में ओणम मनाया जाता है। यह 'गॉड्स ओन कंट्री' यानी केरल की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का उत्सव है। जिनमें पारंपरिक पकवान बनाना, नए कपड़े पहनना और घर को फूलों और रोशनी से सजाना शामिल होता है। ओणम को केरल में फसल कटाई के मौसम के रूप में भी मनाया जाता है। यह 10 दिनों तक चलता है, कलाकारों ने इस पर अपने विचार बताए-



**मोहित मल्होत्रा** - ओणम परिवार, एकता और अपनेपन की याद दिलाता है। यह जिंदगी का तरीका है जो हमें प्यार, सद्भावना और खुशियों की अहमियत सिखाता है। सबसे खास बात है स्वादिष्ट दक्षिण भारतीय पकवान, खास तौर पर मुंह में पानी ला देने वाली पोंगल डिश, जो इस दिन पर बनाई जाती है।



**नवीन शर्मा** - ओणम का बड़ा ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है, जो लोगों के बीच एकता और समृद्धि का जज़्बा जगाता है। मै साउथ इंडियन नहीं हूं लेकिन मुझे अपने दोस्त के जरिए इसका हिस्सा बनने का मौका मिला। 'पूकलम' (फूलों की रंगोली) और 'ओणसाद्य' (शानदार पकवान) बनाना और 'तिरुवतिरा' काली डांस आयोजित करना है। यह प्यार, परंपराओं और एकता से बनाई गई रंग-बिरंगी खूबसूरत कलाकृति है।



**गौरव वाधवा** - रंग-बिरंगा त्यौहार ओणम उन खुशनुमा उत्सवों की याद दिलाता है, जो शानदार संस्कृतियों को जोड़ते है। मै साउथ इंडिया में इस जश्न में शामिल हो चुका हूं। ओणम अपनी खास परंपराओं से कहीं ज्यादा है। यह प्यार और एकजुट होने की अहमियत बताता है। खूबसूरत पूकलम फ्लावर डिजाइन, तिरु वतिरा डांस और जगमगाती विलक्कू लाइट्स खुशियां और उमंग जगाती है, जो कभी मंद नहीं पड़ सकतीं।



**निहारिका रॉय** - मेरे लिए ओणम एकता, परंपरा और ज़िंदगी की असली खुशियों का त्यौहार है। यह हमें जड़ों से जुड़ने, अपने अतीत का सम्मान करने और उस एकता की याद दिलाता है, जो हम सभी को बांधे रखती है। फूलों से बनी कारपेट,'पूकलम' असल में फूलों की रंगोली है। ■

# गेटेड सोसायटी में लें अपने सपनों का घर



प्रदीप मिश्रा
एक्सपर्ट, रियल एस्टेट

अपने नए घर की खोज में, विशेषकर गेटेड कम्युनिटी अपार्टमेंट में, कई महत्वपूर्ण सुविधाओं पर ध्यान देना जरूरी होता है। ये सुविधाएं आपके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ा सकती है, आरामदायक और सुविधाजनक रहन-सहन का अनुभव देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। आइए देखते हैं कि ये सुविधाएं कौन-कौन सी हैं और क्या ये सुविधाएं मुफ्त हैं अथवा इसके लिए कुछ भुगतान करना पड़ता है।

## सुरक्षा उपाय पर नजर डालें

गेटेड सोसायटी में घर खरीदते वक्त यह जरूर सुनिश्चित करें कि गेटेड कम्युनिटी में 24/7 गार्ड, सीसीटीवी सर्विलांच, और अग्निशमन प्रणाली जैसी पूरी सुरक्षा व्यवस्था हो। खासकर रात्रि में लाइट जाने पर जेनरेटर की व्यवस्था जरूरी है। ये उपाय निवासियों और उनकी वस्तुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।

## सोसायटी की जगह

गेटेड सोसायटी का चयन करने से पहल यह अवश्य देखें कि जिस सोसायटी को आपने चुना है उसके नजदीक स्कूल, कार्यस्थल, चिकित्सा सुविधाएं और सार्वजनिक परिवहन जैसी सुविधाएं हैं अथवा नहीं। आपको यह सुनिश्चित करना पड़ेगा कि आपकी दैनिक दिनचर्या में आपको किसी किसी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## मनोरंजन सुविधाएं

एक व्यस्त दिन के बाद मानसिक अथवा शारीरिक थकान को दूर करने के लिए स्विमिंग पूल, योग स्थल, और आउटडोर खेल क्षेत्र जैसी मनोरंजन सुविधाएं जरूरी होती है। ये सुविधाएं आपके सामान्य स्वास्थ्य और खुशी में सहायक होती है। हरित और शांतिपूर्ण आस-पास पर्यावरण में हरितता और शांति के बीच रहना मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। शोर और प्रदूषण से दूर रहने वाले अपार्टमेंट आपके स्वास्थ्यपूर्ण जीवन को समृद्धि पूर्ण बना सकते है।

## पावर बैकअप

डिजिटल युग में बिना रुकावट के बिजली की आवश्यकता होती है। एक विश्वसनीय पावर बैकअप प्रणाली सुनिश्चित करती है कि आप बिजली की आवश्यकता के दौरान भी अपनी गतिविधियों को बिना रुकावट के जारी रख सकें। सही स्वच्छता और पानी की आपूर्ति साफ पानी के पहुंच का प्रमुख हिस्सा है सुनिश्चित करें कि जल की आपूर्ति नियमित और सुरक्षित हो और स्वच्छता सुविधाएं संभाली जा रही हैं।



## ■ बच्चों के लिए सुविधाएं

बच्चों वाले परिवारों के लिए समुदाय में निर्धारित खिलौना क्षेत्र होने से बच्चों की शारीरिक गतिविधियों और विकास को सहायक होता है और उन्हें एक सुरक्षित और निगरानीत माहौल प्रदान करता है।

## ■ वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुविधाएं

अगर आपके परिवार में वरिष्ठ नागरिक है, तो पार्क, रैंप, बेंच, और उनकी सुविधा और सुरक्षा के लिए चिकित्सा सेवाओं की नजदीकी सुविधाओं वाले समुदाय को आगे रखें।



## पर्याप्त पार्किंग स्थल

पार्किंग की तकलीफें अब बड़ी परेशानी बन चुकी है। सुनिश्चित करें कि गेटेड कम्युनिटी में पर्याप्त पार्किंग स्थल मिलता है ताकि आपको पार्किंग स्थल ढूंढने की चिंता न हो। ओपन पार्किंग का कोई पैसा नहीं होता लेकिन अगर आप निजी पार्किंग चाहते हैं तो आपकों उसके लिए कुछ अतिरिक्त धनराशि देनी होती है।

## कचरे का सुरक्षित निपटान

गेटेड सोसायटी में मकान खरीदते वक्त ऐसी सोसायटी को चुनें जो सही कचरा प्रबंधन पर महत्व देती हैं। इसके अलावा स्थानीय बाजारों और खरीदारी केंद्रों के पास रहकर समय और परेशानी की बचत होती है और दैनिक आवश्यकताओं की सुविधा सुनिश्चित करती है।

## स्वास्थ्य सुविधाएं

योगा कक्षाओं, जॉगिंग ट्रैक्स, और शांतिपूर्ण प्रार्थना स्थलों जैसी सुविधाएं प्रदान करने वाली गेटेड सोसायटीज आपके जीवन में संतुलित और सुखमय जीवन व्यतीत करने का मौका उपलब्ध कराती है।

## गोपनीयता और सिक्योरिटी

गेटेड कम्युनिटी द्वारा प्रदान की गई 24/7 मॉनिटिरंग से सुरक्षा सुनिश्चित होती है साथ ही इस तरह की सुरक्षा व्यवस्था से आपकी गोपनीयता भी बनी रहती है। एक गेटेड कम्युनिटी अपार्टमेंट का चयन करते समय आपके जीवन की गुणवत्ता को सुधारने में कई सुविधाएँ महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इन मामूल परिप्रेक्ष्य में समझदारी से मूल्यांकन करें ताकि आपके आवश्यकताओं और पसंदों के साथ समर्थ निर्णय लिया जा सके। ■

# बेहतर बीमा पालिसी का कैसे करें चयन

*देश में सड़क दुर्घटना में प्रति वर्ष न्यूनतम डेढ़ लाख से अधिक लोगों की जान चली जाती है साथ ही साथ अनेक व्यक्ति विकलांगता के शिकार हो जाते हैं। दुर्घटना के बाद पीड़ित अथवा तीसरे पक्ष के इलाज पर भारी भरकम रकम खर्च हो जाती है। अगर कोई व्यक्ति यह रकम खर्च करने की स्थिति में नहीं है तो उसे तुरंत दुर्घटना बीमा लेना चाहिए*





अपूर्व कुमार दत्त
बीमा विशेषज्ञ

मानव जीवन में जोखिम बेहद ज्यादा होता है। किसी न किसी अनिष्ट की आशंका हमेशा बनी ही रहती है अर्थात सामान्य जीवन में किसी कार्य को करते हुए, जैसे खेत में रोपाई या कटाई करते हुए, किसी भी प्रकार का वाहन चलाते हुए, पैदल चलते हुए, विमान, पोत, रेल व बस यात्रा करते हुए व्यक्ति अचानक कभी भी कहीं भी दुर्घटना का शिकार हो सकता है। इनके अतिरिक्त संक्रमण, महामारी, दैविक आपदा, बाढ़ या अन्य किसी भी कारण से या विभिन्न कारणों को मिलाकर भी दुर्घटना में घायल हो जाने के फलस्वरूप इलाज कराने की जरूरत महसूस होती है। इस इलाज के खर्च को बहुत हद तक कम करने या समायोजित करने हेतु एक विशेष प्रकार का बीमा सुरक्षा कवर प्रदान किया जाता है, जिसे दुर्घटना बीमा कहा जाता है।

## दुर्घटना बीमा बेहद उपयोगी

दुर्घटना बीमा में उपरोक्त वर्णित संभावित खतरों के अतिरिक्त अनेकों अकल्पनीय कारणों से दुर्घटनाएं हो जाती है जैसे सांप काट लेना, पर्वतारोहण पैरासेलिंग पैरा ग्लाइडिंग आदि रोमांचक खेलों या अन्य सामान्य खेलों के दौरान दुर्घटना, गली में कुत्ते का काट लेना आदि। इन सभी और अन्य दुर्घटनाओं के उपरान्त किसी भी व्यक्ति को होने वाली आर्थिक परेशानियों से तत्काल निपटने में दुर्घटना बीमा बहुत हीं सहयोगी होता है।

## इलाज का खर्च आसान

यहां यह बताना भी जरूरी है कि स्वास्थ्य बीमा में भी दुर्घटना के उपरान्त होने वाले चिकित्सीय खर्चो का कवर समाहित रहता है, किन्तु दुर्घटना बीमा चिकित्सीय खर्चो के अतिरिक्त भी कवर करता है। जैसे दुर्घटना में बीमाधारक की मृत्यु होने या फिर दुर्घटना के उपरान्त इलाज के दौरान उनका दुखद देहावसान, दुर्घटना से बीमाधारक का स्थायी रूप से दिव्यांग हो जाना, दुर्घटना के कारण आंशिक दिव्यांग हो जाना और दुर्घटना उपरान्त चिकित्सीय खर्च का समायोजन।



## पूर्ण और आंशिक दिव्यांगता

दरअसल बीमा उद्योग में दिव्यांगता को को दो तरह से परिभाषित किया गया है। पूर्ण दिव्यांग्ता का मतलब है बीमाधारक का न्यूनतम कोई भी दो अंग पूर्णतया नही कार्य करना। जैसे एक आँख और एक कान गायब हो जाना, एक हाथ और एक पैर का अपंग हो जाना, या दोनों हाथ दोनों पैर का बेकार हो जाना। ठीक उसी तरह आंशिक दिव्यनाता की परिधि में आने के लिए किसी भी एक अंग का एकदम से बेकार हो जाना है।

## दिव्यांगता का जोखिम कवर

दुर्घटना बीमा में बीमाधारक के दुर्घटना से निधन होने पर उनके नामिनी को पूर्ण धनराशि देय होती है जैसे दस लाख का दुर्घटना बीमा लिया गया है तो दस लाख रुपए नॉमिनी को मिलेगा हीं। दुर्घटना के पश्चात पूर्ण और आंशिक दिव्यांगता के परिप्रेक्ष्य में आर्थिक सहयोग अलग-अलग बीमा कम्पनी के नियम पर निर्भर करता है लेकिन सामान्य तौर पर पूर्ण और आंशिक दिव्यांगता में क्रमशः बीमा धनराशि का 75% और 50% भुगतान बीमाधारक को मिलता है, उदाहरण के लिए यदि दस लाख का बीमा है और दुर्घटना से पूर्ण विकलांग हो गए है तो 7.5 (साढ़े सात) लाख तथा आंशिक विकलांग होने पर (पाँच) लाख का भुगतान होगा। इसके अतिरिक्त दुर्घटना के उपरान्त होने वाले खर्च, एम्बुलेंस खर्च आदि का भी नियमानुसार भुगतान मिलता है।

## दुर्घटना बीमा किन्हें लेना चाहिए

दुर्घटना कभी भी किसी के साथ हो सकती है, इसलिए यह अपेक्षित है की दुर्घटना बीमा सभी को लेना हीं चाहिए। देखिए दुर्घटना के उपरान्त मिलने वाली आर्थिक मदद से दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति के परिवार की तात्कालिक और दूरगामी योजनाओं पर हो गए कुठाराघात से बहुत हीं मदद मिलती है।

## प्रीमियम का निर्धारण

दुर्घटना बीमा की जरूरत हर किसी को है। प्रीमियम के निर्धारण की प्रक्रिया में उस प्रस्तावक (आवेदक) के बीमा खरीद की क्षमता, उसके जोखिम का आकलन, प्रीमियम भुगतान करने की अपनी क्षमता, उनकी वार्षिक आय आदि अनेक तथ्यों पर विचार किया जाना जरूरी होता है। प्रीमियम सामान्य तौर पर बहुत हीं कम होता है, फिर भी यदि आवेदक को एक बार में प्रीमियम देने में परेशानी है तो उसमें भी अनेक विकल्प मौजूद होते हैं। दुर्घटना बीमा क्रय करते समय विक्रेता कम्पनी द्वारा दिए जा रहे प्रावधानों में यह जरूर देखना चाहिए कि आपके शहर में उक्त बीमा कंपनी के नेटवर्क हास्पिटल है कि नहीं, नजदीकी नेटवर्क हॉस्पिटल कौन कौन है आदि।

## दुर्घटना में बीमाधारक की गलती ना हो

ध्यान देने योग्य बात यह है की बीमाधारक द्वारा दुर्घटना से बचने के लिए जरूरी क़ानूनी प्रक्रिया का पालन जरूर किया जाना चाहिए। जैसे रेलवे फाटक बंद है फिर भी नीचे से निकलना, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाना, वाहन चलाते वक्त किसी पशु पक्षी को तंग करना, दंगे में शामिल होना, कर्फ्यू का उल्लंघन करना इत्यादि। अगर बीमाधारक इनमें से कोई भी गलती करेगा तो उसका क्लेम रोक दिया जाएगा। अतः बीमाधारकों को चाहिए कि इस तरह की कोई गलती न करें। ■

# ब्लूचिप फंड कम रिस्क में है ज्यादा रिटर्न





कमाल अहमद रूमी
आर्थिक पत्रकार

**म्यूचुअल फंड कंपनियों द्वारा ब्लूचिप फंड की एक अलग कैटेगरी बनाई गई है हालांकि यह कैटेगरी सेबी द्वारा अनुमोदित नहीं है। फंड मैनेजर द्वारा लार्जकैप में शामिल शीर्ष सौ कंपनियों में से हर लिहाज से बेहतरीन कंपनियों का चयन कर उन्हें ब्लूचिप फंड की कैटेगरी में डाल दिया जाता है। अच्छी कंपनियां होने के कारण निवेशकों का जोखिम काफी हद तक कम हो जाता है**

मौजूदा समय में दुनिया में आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ी, वैश्विक स्तर पर महंगाई भी इस समय चरम पर है जिससे कई देशों की अर्थव्यवस्था जोखिम की तरफ बढ़ रही है। हालांकि भारतीय अर्थव्यवस्था अन्य देशों की तुलना में काफी मजबूत है लेकिन वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं का कुछ असर तो पड़ने की आशंका बनी हुई है। ऐसे समय में देश में निवेश करने वालों के लिए जोखिम भी बढ़ा है। जोखिम बढ़ने से अधिकतर निवेशक शेयर बाजार से अपना निवेश निकाल कर म्यूचुअल फंड की तरफ ले जा रहे हैं। जो लोग शेयर बाजार में सीधे निवेश नहीं करना चाहते हैं उनके लिए म्यूचुअल फंड एक विकल्प तो है लेकिन निवेशक इस बात को लेकर ऊहापोह में रहते हैं कि म्यूचुअल फंड में इतनी ज्यादा कैटेगरी के फंड से निवेश के लिए उन्हें कैसे फंड का चयन करना चाहिए। अगर आप भी अपना निवेश शेयर बाजार से निकाल कर म्यूचुअल फंड की तरफ ले जाना चाहते हैं। तो आप भी इसी ऊहापोह की स्थिति में होंगे कि निवेश की शुरुआत किसी तरह की फंड कैटेगरी से की जाए। कई निवेशकों का ध्यान इस समय ब्लूचिप फंड की तरफ है। ब्लूचिप फंड क्या हैं, इसमें कैसी कंपनियों के शेयर शामिल होते हैं, क्या इस तरह के फंड में जोखिम ज्यादा है, ऐसे फंड में नुकसान की आशंका कितनी है, इन फंड्स में क्यों निवेश करना चाहिए और लार्जकैप और ब्लूचिप फंड में क्या अंतर है। इस तरह के कई सवाल निवेशकों के मन में उठते हैं। आइए इन सवालों का जवाब जानने की कोशिश करते हैं।



## क्या हैं ब्लूचिप फंड

बाजार नियामक सेबी के नियमों के हिसाब से देखा जाए तो मिडकैप फंड, लार्जकैप फंड और इंडेक्स फंड जैसी म्यूचुअल फंड की कई कैटेगरी होती हैं। लोग समझते हैं कि ब्लूचिप फंड भी इन्हीं कैटेगरी में शामिल है जबकि यह धारणा सही नहीं है। क्योंकि ब्लूचिप फंड की कोई कैटेगरी नहीं बल्कि म्यूचुअल फंड कंपनियों ने अपने विवेक से लार्जकैप फंड की बेहतरीन कंपनियों की को अलग करके उन्हें ब्लूचिप फंड की कैटेगरी में डाल दिया है। म्यूचुअल फंड कंपनियों इसके लिए नई स्कीमें या प्लान लांच किए हैं और इस कैटेगरी के हिसाब से ही इन फंड का नाम रख दिया है जैसे स्टेट बैंक ने एसबीआई ब्लूचिप फंड या एक्सिस बैंक ब्लूचिप फंड आदि।

## निवेश के वक्त बरतें सतर्कता

ऐसा नहीं है कि सभी म्यूचुअल फंड कंपनियों ने लार्जकैप फंड में से अच्छी कंपनियों का चयन करके ही ब्लूचिप कैटेगरी बना ली है बल्कि हो सकता है इसमे कुछ स्मालकैप कंपनियों को भी शामिल कर लिया गया हो। इसलिए यह ध्यान अवश्य रहे कि सिर्फ ब्लूचिप फंड नाम होने का मतलब यह नहीं है कि इस फंड में सभी कंपनियां जिसमें आपका पैसा निवेश किया जाना है लार्जकैप ही हों। यह भी हो सकता है कि म्यूचुअल फंड कंपनियों द्वारा बनाई गई इस कैटेगरी में स्मालकैप कंपनियां भी शामिल की गई हों। इसलिए निवेश से पहले अपने फंड मैनेजर से यह अवश्य पूछ लें कि इस ब्लूचिप फंड में कौन-कौन सी कंपनियां शामिल हैं और वे किस कैटेगरी में आती हैं, स्मालकैप में या लार्जकैप की कैटेगरी में।

## इस फंड में कितना है जोखिम

अगर जोखिम की बात की जाए तो ब्लूचिप फंड में शामिल कंपनियों में जोखिम कुछ कम होता है। इसकी वजह यह होती है कि ब्लूचिप ऐसी कंपनियों को कहा जाता है जिनका आकार बहुत बड़ा होता है और उनके शेयर में बहुत ज्यादा उतार-चढ़ाव नहीं देखा जाता। लार्जकैप में शामिल कंपनियों की आर्थिक स्थिति काफी मजबूत मानी जाती है। सेबी के नियमों के अनुसार लार्जकैप फंड के तहत निवेश से मिली 80 फीसद रकम को फंड मैनेजर लार्जकैप में शामिल शीर्ष सौ कंपनियों में निवेश करते हैं। यही शीर्ष सौ कंपनियां ही ब्लूचिप की श्रेणी में आती हैं। इनमें जोखिम की संभावना कम होती है। अतः यह फंड ऐसे निवेशकों के लिए बेहतर होते हैं जो निवेश में कम जोखिम चाहते हैं।

## लार्ज कैप और ब्लूचिप में अंतर

लार्जकैप फंड उन फंड्स को कहते हैं जिनके तहत निवेशक की रकम को लार्जकैप की शीर्ष कंपनियों में निवेश किया जाता है। चूंकि ब्लूचिप के तहत लार्जकैप की शीर्ष सौ कंपनियां शामिल की गई हैं अतः ब्लूचिप फंड के तहत भी लार्जकैप की कंपनियों में ही निवेश होता है। इस दृष्टि से दोनों फंड में कोई खास अंतर नहीं कहा जा सकता।

## क्यों करें ब्लूचिप में निवेश

लार्जकैप की शीर्ष सौ कंपनियां बड़े आकार की कंपनियां होती हैं और ब्लूचिप में भी यही कंपनियां शामिल होती हैं। लेकिन लार्ज कैप में चूंकि जोखिम ज्यादा होता है इसलिए ब्लूचिप में निवेश फायदे का सौदा साबित हो सकता है। ब्लूचिप फंड ऐसे निवेशकों के लिए एक आदर्श निवेश साबित हो सकते हैं। लंबे समय के निवेश में कम जोखिम चाहते हैं। इसलिए अगर आप लंबी अवधि के लिए शेयर बाजार में पैसा लगाने से बच रहे हैं तो आपके लिए ब्लूचिप फंड बेहतर विकल्प साबित हो सकता है।

## क्या इस फंड में नुकसान भी है

म्यूचुअल फंड में सबसे बड़ा नुकसान तो यह है कि यह शेयर बाजार के मुकाबले आपके निवेश पर कम रिटर्न मुहैया कराता है। अलबत्ता शेयर बाजार के मुकाबले म्यूचअल फंड में रिस्क जरूर कुछ कम होता है। इसलिए निवेशक इसमें लंबी अवधि के लिए निवेश करके अच्छा रिटर्न यहां तक कि 15 से बीस फीसद या इससे भी ज्यादा हासिल कर सकते हैं।

## न्यूनतम कितनी अवधि का करें निवेश

म्यूचुअल फंड में कम से कम तीन से पांच साल के लिए तो पैसा लगाना जरूरी है क्योंकि अगर आप लंबी अवधि के लिए निवेश करेंगे तभी आपको बेहतर रिटर्न हासिल हो पाएगा। हालांकि ब्लूचिप फंड सेबी द्वारा नहीं बनाए गए हैं इसलिए म्यूचुअल फंड कंपनियों द्वारा अपनी सहूलियत के अनुसार इसमें लॉक इन पीरियड नहीं रखा है। इसलिए आप इस फंड में से कभी भी पैसा निकाल सकते हैं या जमा (निवेश) भी कर सकते हैं। समय-समय पर अपना निवेश घटा या बढ़ा भी सकते हैं।

## रेगुलर प्लान या डायरेक्ट प्लान

अन्य म्यूचुअल फंड्स की तरह ब्लूचिप फंड में भी रेगुलर प्लान और डायरेक्ट प्लान शामिल हैं। अगर आप पढ़े लिखे हैं और आपको इंटरनेट इत्यादि की पूरी जानकारी है तो आप को चाहिए कि आप डायरेक्ट प्लान खरीदने को तरजीह दें। इसकी वजह यह है कि डायरेक्ट प्लान के तहत आप अपने कंप्यूटर सीधे ब्लूचिप फंड खरीद सकते हैं, बीच में कोई ब्रोकर नहीं होता है अतः ब्रोकर का कमीशन भी बचता है। अगर आप सिप के जरिए निवेश कर रहे हैं तो ब्रोकर कमीशन के नाम पर हर माह आपकी सिप ईएमआई से ब्रोकर के कमीशन की कटौती कर ली जाती है। ■

# एशिया कप के लिए भारत ने शुरू की तैयारी

## रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल ने नेट्स पर बहाया पसीना

**बेंगलुरु, (एजेंसी)।** भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को यहां एशिया कप की तैयारी के लिए आयोजित शिविर में अभ्यास के दौरान वामहस्त तेज गेंदबाज अनिकेत चौधरी के खिलाफ जमकर पसीना बहाया। भारतीय टीम के 18 खिलाड़ी एशिया कप की तैयारी के लिए अलूर में स्थित कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के श्री ओवल्स कैंपस में एक शिविर में शामिल हुए हैं। अनिकेत को इस शिविर में नेट्स में गेंदबाजी के लिए बुलाया गया है। गौरतलब है कि भारतीय बल्लेबाज बीते कुछ वर्षों में बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के आगे संघर्ष करते नजर आए हैं, जिनमें कप्तान रोहित का नाम भी शामिल है।

एकदिवसीय क्रिकेट में जहां रोहित की बल्लेबाजी औसत 48.7 है, वहीं बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के आगे यह 31.3 हो जाती है। कप्तान रोहित शर्मा के अलावा विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल ने नेट्स पर बैटिंग की। भारत के लिए फिनिशर के तौर पर खेलने वाले हार्दिक पंड्या और रवींद्र जडेजा ने भी साथ-साथ बल्लेबाजी की। इस दौरान बड़े शॉट्स लगाने के साथ ही सिंगल्स और डबल्स भी लिए गए।

### गेंदबाजों ने भी किया अभ्यास

जिस तरह से बल्लेबाजों ने प्रैक्टिस की। उसी तरह से गेंदबाजों की प्रैक्टिस भी रही। मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर, हार्दिक पंड्या ने बॉलिंग की। बल्लेबाजों ने इस दौरान अपनी कमजोरियों पर भी काम किया। इसके तहत कोहली ने बाएं हाथ के गेंदबाजों के सामने लगातार होने के चलते इसी तरह के बॉलर्स के सामने मेहनत करते दिखे। उन्होंने कुलदीप यादव और आर साई किशोर का सामना किया। कुलदीप जहां कलाई के स्पिनर हैं तो साई अंगुली से गेंद को घुमाते हैं। इन दोनों के अलावा कोहली ने हार्दिक की गेंदों का सामना भी किया। एशिया कप में भारतीय टीम पाकिस्तान और नेपाल के साथ ग्रुप ए में है। यहां उसे पहला मैच 2 सितंबर को पाकिस्तान से पल्लेकल में खेलना है।



## भोपाल के लाल कमल चावला और पंकज आडवानी वर्ल्ड 6-रेड स्नूकर चैम्पियनशिप में दिखाएंगे जलवा

**भोपाल(खेसं)।** देश के स्टार क्यूईस्ट पंकज आडवानी और कमल चावला वर्ल्ड 6-रेड स्नूकर चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वर्ल्ड चैम्पियनशिप नवंबर माह में कतर में खेली जाएगी। कर्नाटक स्टेट बिलियर्डस एसोसिएशन के बेंगलूरू स्थित हॉल में 21 से 26 अगस्त तक सम्पन्न इंडिया कैम्प के पश्चात प्रदर्शन के आधार पर पंकज व कमल वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई हुए। इस वर्ष सीनियर 6 रेड नेशनल चैम्पियनशिप में कमल ने कांस्य पदक जीता था। इस इंडिया कैम्प में पंकज आडवानी ने पहला और कमल चावला ने दूसरा स्थान अर्जित किया। हाल ही में पंकज व कमल ने एशियन स्नूकर चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीते हैं। साथ ही दोनों ने वर्ल्ड 6 रेड स्नूकर चैम्पियनशिप का फाइनल खेला है। पंकज आडवानी 6 रेड स्नूकर के वर्ल्ड चैम्पियन रह चुके हैं। जबकि कमल ने वर्ष 2017 में वर्ल्ड चैम्पियनशिप में सिल्वर मेडल जीता है।



## एलएनसीटी कैम्पस में रग्बी कार्निवल का शुभारंभ

**भोपाल(खेसं)।** एलएनसीटी रायसेन रोड कैम्पस पर शनिवार को रग्बी फुटबाल एसोसिएशन द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश रग्बी कार्निवल का शुभारंभ पूनम चौकसे चांसलर एलएनसीटी विद्यापीठ विश्वविद्यालय इंदौर के द्वारा किया गया। मध्य प्रदेश के कोषाध्यक्ष पंकज जैन ने बताया कि 26 से 28 अगस्त 2023 तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के स्कूलों की 35 बालक-बालिका की टीमें अंडर-14 और अंडर-18 में अपना जलवा बिखेरेंगे। मध्य प्रदेश रग्बी फुटबॉल संगठन के चेयरमैन डॉ अनुपम चौकसे एवं सचिव अबरार अहमद द्वारा दूसरा रग्बी कार्निवल का भव्य आयोजन कर खिलाड़ियों को बेहतर बनने का अवसर दिया जा रहा है। प्रथम कार्निवल शाजापुर मै किया गया था। शनिवार को खेले गए मैच में एकलव्य स्कूल मक्सी, ओरियंटल स्कूल बुधनी, ब्राइट स्कूल ओ गंज, नर्मदापुरम जिला, शाजापुर कार्पोरेशन कमलादेवी ट्रस्ट बुधनी, एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल, जीनियस स्कूल गोविंद तिलावत, कस्तूरवा हायर सेकंडरी स्कूल कालापीपल की टीमों ने अपने मैच जीते।



## बीसीसीआई ने ट्रेनिंग कैंप में उतारी नेट बॉलर्स की फौज

टीम इंडिया के ट्रेनिंग कैंप में चुने हुए खिलाड़ियों की तैयारी के लिए बीसीसीआई ने 10-12 नेट बॉलर्स ट्रेनिंग कैंप में नियुक्त किए हैं। इसके तहत देश के बेहतरीन तेज गेंदबाजों से लेकर स्पिन के जादूगर टीम इंडिया की तैयारी में लगे हुए हैं। टीम मैनेजमेंट ने बल्लेबाजों की तैयारियों को पुख्ता करने के लिए देश के सबसे तेज गेंदबाज उमरान मलिक, देश के सबसे लंबे कद के बाएं हाथ के पेसर अनिकेत चौधरी से लेकर लेग स्पिनर राहुल चाहर, मयंक मार्कंडे और बाएं हाथ के फिरकी गेंदबाज आर साई किशोर, कुलदीप सेन, यश दयाल, तुषार देशपांडे,और आकाश दीप को नेट बॉलर के तौर पर बुलाया है। इसके अलावा कैंप में मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल जैसे मुख्य गेंदबाज मौजूद हैं। आयरलैंड दौरे पर गए जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा भी एक-दो दिन में आ जाएंगे।

## पीसीबी के मेहमान बनकर पाकिस्तान जाएंगे रोजर बिन्नी और राजीव शुक्ला

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रॉजर बिन्नी और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला एशिया कप की मेजबानी के उपलक्ष में पीसीबी के मेहमान बनकर पाकिस्तान जाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष जका अशरफ ने 15 अगस्त को बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों को निमंत्रण भेजा था। बीसीसीआई सहित भाग लेने वाली टीमों के सभी शीर्ष बोर्ड सदस्यों ने अपनी उपस्थिति की पुष्टि की है। दो सितंबर को श्रीलंका के पाल्लेकेले स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान मैच के एक या दो दिन बाद बिन्नी और राजीव शुक्ला वाघा बॉर्डर होते हुए लाहौर जायेंगे, जहां वे एक रात्रिभोज में शामिल होंगे। गौरतलब है कि बीते कुछ महीनों में दोनों बोर्ड कई विषयों पर एक-दूसरे से बरहम रहे हैं, हालांकि पीसीबी ने हाल ही में अपनी टीम को एकदिवसीय विश्व कप के लिये भारत आने की मंजूरी देकर तनाव कम करने की ओर कदम बढ़ाया था। रिपोर्ट के अनुसार, इस यात्रा पर संबंधित बोर्ड प्रमुखों के बीच कोई आधिकारिक बैठक नहीं होने वाली है। बिन्नी और शुक्ला अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान तीन या पांच सितंबर को गद्दाफी स्टेडियम में एक मैच भी देख सकते हैं। गौरतलब है कि बीसीसीआई ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तान जाने से मना किया था, जिसके कारम पीसीबी को एशिया कप के 13 में से चार मैचों की मेजबानी ही दी गयी है। कई महीनों की तनातनी के बाद बीसीसीआई सचिव जय शाह की अध्यक्षता वाले एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने हाइब्रिड मॉडल में टूर्नामेंट आयोजित करने पर सहमति जताई थी, जिसके तहत भारत अपने सभी एशिया कप मुकाबले श्रीलंका में खेलेगा।



## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बना भारत के घरेलू मैचों का टाइटल स्पॉन्सर

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने भारत में होने वाले बीसीसीआई के सभी अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मैचों के लिए टाइटल स्पॉन्सर के अधिकार हासिल कर लिए हैं। अगले तीन साल तक आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बीसीसीआई द्वारा आयोजित भारत में होने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय मैचों (महिला और पुरुष दोनों), घरेलू क्रिकेट मैचों जैसे ईरानी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी और रणजी ट्रॉफी के साथ-साथ सभी जूनियर क्रिकेट (अंडर-19 और अंडर-23) के लिए शीर्षक प्रायोजक होगा। बीसीसीआई और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के बीच अनुबंध भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे विश्व कप से पहले होने वाली तीन मैच की सीरीज से प्रभावी होगा। पहले पेटीएम के पास भारत में होने वाले सभी मुकाबलों के टाइटल स्पॉन्सर के अधिकार थे। इसके बाद मास्टरकार्ड देश के अंदर होने वाले सभी मुकाबलों में टाइटल स्पॉन्सर रहा। अब यह अधिकार आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पास होंगे। उनके पास तीन साल की अवधि के लिए (अगस्त 2026 तक) अधिकार रहेंगे। इस दौरान कुल 56 अंतर्राष्ट्रीय मैच होंगे। इसके जरिए बीसीसीआई को 987.84 करोड़ की कमाई होगी। पिछले चक्र में एक मैच के लिए 3.6 करोड़ रुपए चार्ज किए जाते थे, जिसमें प्रति मैच 60 लाख रुपए की बढ़ोत्तरी हुई है। बीसीसीआई अगले महीने घरेलू प्रसारण अधिकार के जरिए भी मोटी कमाई कर सकता है। हाल ही में, बीसीसीआई ने बायजूस की जगह ऑनलाइन फैंटेसी गेमिंग प्लेटफॉर्म ड्रीम 11 को भारतीय टीम के आधिकारिक प्रायोजक के रूप में शामिल किया। किलर के बाद एडिडास जर्सी स्पॉनसर है। पहले ये अधिकार भी एमपीएल के पास थे।

## जिलास्तरीय प्रतियोगिता में उपविजेता रहा सेंट राफेल स्कूल

**भोपाल।** इंटर स्कूल नेट बाल एवं टारगेट बाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन मक्सी मिसरोद स्थित लीलावती इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। आयु वर्ग 14, 17 एवं 19 वर्ष के बालक-बालिकाओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में भोपाल के लगभग 15 स्कूलों ने भाग लिया था। खेल प्रतियोगिता में सेंट रॉफेल को-एड स्कूल ओवरऑल उपविजेता रही। प्रतियोगिता में लीलावती इंटरनेशनल स्कूल, सीएल आर्य स्कूल, जीनियस कॉन्वेंट स्कूल, एमजीएम स्कूल, डीएवी स्कूल सहित अन्य स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मधु पांसे संचालक, शेफाली पटेल प्राचार्य, संयोजक प्रवीण सिंह शासकीय स्कूल मिसरोद, अभिषेक सिंह महासचिव टारगेट बॉल संघ मप्र, नौशाद अली, हरिओम पाटीदार क्रीड़ा अधिकारी, गौरव सिंह, अमन तिवारी, राघव मिश्रा, राहुल खटीक, विवेक सांगडे, पायल वर्मा, त्रिवेणी एवं सौम्या शर्मा की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर स्कूल संचालक श्रीमती मधु पांसे द्वारा आयोजन की सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



# रोनाल्डो की हैट्रिक से जीता अल-नासर

### सऊदी प्रो लीग में अल-फतेह को 5-0 से हराया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो की शानदार हैट्रिक की मदद से अल-नासर ने सऊदी प्रो लीग 2023-24 में अल-फतेह को 5-0 से शिकस्त दी। पुर्तगाल के फॉरवर्ड ने 38वें मिनट में गोल किया।

इसके बाद 55वें मिनट और इंजुरी टाइम में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। इसके अलावा, सादियो माने ने 27वें और 81वें मिनट में दो गोल दागे। वहीं उनके नाम एक असिस्ट भी थी। रोनाल्डो चोट के कारण अल-नासर के सीजन के ओपनर में अल-एत्तिफाक से नहीं खेल पाए थे लेकिन अल-तावाउन के खिलाफ मैच में लौट आए। यह अल नासर की सीजन की पहली जीत थी, क्योंकि इससे पहले उन्हें दो हार का सामना करना पड़ा था। वह 2023 में 18-टीम ग्रुप चरण में 10वें स्थान पर हैं।



### करियर की 63वीं हैट्रिक

रोनाल्डो के करियर की यह 63वीं हैट्रिक हैं। फुटबॉल के इतिहास में किसी खिलाड़ी द्वारा करियर में सबसे ज्यादा हैट्रिक बनाने के मामले में रोनाल्डो दूसरे स्थान पर हैं। वह केवल दिग्गज पेले से पीछे हैं, जिनके नाम 92 हैट्रिक हैं। 2016 यूरो कप चैंपियन खिलाड़ियों में अग्रणी गोल-स्कोरर है और उसके फुटबॉल प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेसी 57 हैट्रिक के साथ उसके पीछे खड़े हैं।

## रोजास ने त्रिकूद में लगातार चौथा विश्व खिताब जीता

**बुडापेस्ट, (एजेंसी)।** वेनेजुएला की त्रिकूद खिलाड़ी यूलिमर रोजस ने विश्व एथलीट चैम्पियनशिप की त्रिकूद स्पर्धा में अपने छठे और अंतिम प्रयास में 15.08 मीटर (49 फुट, 5 3/4 इंच) की कूद लगाकर लगातार चौथा विश्व खिताब अपपने नाम किया।

टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक सहित उन्होंने वर्ष 2017 के बाद प्रमुख पांच मुकाबलों में सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल किया है। रोजस ने खिताबी जीत के बाद कहा, मैंने शब्दों को तलाशने कोशिश नहीं की बल्कि उन सभी लम्हों के बारे में सोचा जहां मैंने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया था।




यह बहुत मुश्किल था। तथ्य यह है कि अपने आखिरी प्रयास में प्रतियोगिता को जीतना इसे बहुत खास और यादगार बनाता है। इस स्पर्धा में यूक्रेन की मरीना बेख-रोमनचुक ने दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने अपने देश के लिए बुडापेस्ट में पहला पदक जीता है। बेख-रोमनचुक की शुरुआती छलांग 15 मीटर(49 फुट 2 1/2 इंच) की थी जिससे वह मुकाबले में बढ़त में थी।

## भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम ने जीता स्वर्ण



**बर्मिंघम(एजेंसी)।** भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने शनिवार को इंटरनेशनल ब्लाइंड स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईबीएसए) वर्ल्ड गेम्स 2023 के बारिश से बाधित फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराकर स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। टूर्नामेंट में सभी लीग गेम जीतकर वीमेन इन ब्लू अपराजित रही। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को निर्धारित 20 ओवरों में 114/8 पर रोक दिया। फिर, चौथे ओवर में 42 रनों के संशोधित लक्ष्य का पीछा कर जीत हासिल कर ली। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। भारत ने आठवें और नौवें ओवर में दो विकेट चटकाये और ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 39/3 हो गया। इसके बाद सी. लुईस और सी. वेबेक ने 54 रनों की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया की पारी को आगे बढ़ाया। हालांकि, भारत ने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर खेल में वापसी की। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 109/8 पर रोक दिया।

## वितिदसर्न ने खत्म किया एचएस प्रणय का अभियान

**कोपनहेगन, (एजेंसी)।** भारत के शीर्ष पुरुष एकल शटलर एचएस प्रणय ने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में शनिवार को थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसर्न के हाथों हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष किया। वश्व नंबर नौ प्रणय ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत की लेकिन विश्व नंबर तीन वितिदसर्न ने वापसी करते हुए एक घंटे 16 मिनट में मुकाबला 18-21, 21-13, 21-14 से जीत लिया। इस हार के बावजूद प्रणय विश्व चैंपियनशिप में अपना पहला पदक जीतकर स्वदेश लौटेंगे। भारत ने 2011 के बाद से विश्व चैंपियनशिप के सभी संस्करणों में कम से कम एक पदक जीता है और इस साल प्रणय ने इस प्रथा को जिन्दा रखा।



## स्पेन फुटबॉल संघ के अध्यक्ष रुबियालेस निलंबित

**ज्यूरिख,(एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) की अनुशासनात्मक समिति ने महिला विश्व कप में स्पेन की जीत के बाद खिलाड़ी जेनी हर्मोसो का सिर पकड़कर उनके होंठों पर किस करने के बाद हुए हंगामे के बीच शनिवार को स्पेन फुटबॉल महासंघ (आरएफईएफ) के अध्यक्ष लुइस रुबियालेस को 90 दिनों के लिए अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। फीफा ने कहा, फीफा अनुशासन समिति के अध्यक्ष ने हॉर्जे इवान पलासियो ने लुइस रुबियालेस को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल से संबंधित सभी गतिविधियों से अस्थायी रूप से निलंबित करने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि रुबियालेस शुक्रवार को इस्तीफा देने वाले थे, लेकिन उन्होंने पद छोड़ने से इनकार कर दिया। जब हर्मोसो ने कहा कि उन्होंने चुंबन के लिये सहमति नहीं दी थी तो आरएफईएफ ने उनके बचाव के लिए कानूनी कार्रवाई की धमकी दी। अनुशासनात्मक समिति ने रुबियालेस और आरएफईएफ के अधिकारियों को हर्मोसो या उसके आसपास के लोगों से संपर्क नहीं करने का आदेश भी दिया।

## नेचर लवर के लिए जन्नत से कम नहीं है उत्तराखंड की ये जगह, जरुर बनाएं घूमने का प्लान

उत्तराखंड देश का एक ऐसा राज्य हैं, जहां पर हर मौसम में घूमने के लिए लाखों सैलानी पहुंचते हैं। राज्य में कई ऐसी हसीन वादियां मौजूद हैं, जहां पर घूमने के बाद आपका वापस आने का मन नहीं होगा। इसलिए पर्यटक एक ही जगह पर कई बार घूमने के लिए पहुंच जाते हैं। हालांकि ऋषिकेश, मसूरी, नैनीताल, अल्मोड़ा और रानीखेत आप लोग कई बार घूमने के लिए गए होंगे। लेकिन क्या आप उत्तराखंड में मौजूद एबॉट माउन्ट घूमने गए हैं। अगर आपका जवाब नहीं है तो बता दें कि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एबॉट माउंट के आसपास मौजूद कुछ हसीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। इस जगहों पर आपको एक बार जरूर जाना चाहिए।

**एबॉट माउंट**- एबॉट माउंट में मौजूद कुछ बेहतरीन जगहों को जानने से पहले बता दें कि यह उत्तराखंड में मौजूद है। यह उत्तराखंड के चंपावत जिले में स्थित बेहद खूबसूरत पर्यटन स्थल है। उत्तराखंड के लोहाघाट से एबॉट माउंट लगभग 8 किमी की दूरी पर स्थित है। समुद्र तल से 7 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है। कहा जाता है कि इस अंग्रेजों द्वारा बसाया गया था। इस जगह का नाम अंग्रेजी व्यवसायी जॉन हेरोल्ड एबॉट के नाम पर एबॉट माउंट रखा गया है।

**क्यों फेमस है एबॉट माउंट**- हिमालय की गोद में मौजूद एबॉट माउन्ट एक बेहद ही खूबसूरत और मनमोहक स्थान है। बता दें कि यह राज्य की सबसे लंबी, ऊंची और चौड़ी पर्वत श्रृंखलाओं के बीच में मौजूद है। इसके अलावा घने जंगलों के बीच बेहतरीन यूरोपीय अंदाज में निर्मित बंगला भी मौजूद हैं।

**लोहाघाट**- अगर आप एबॉट माउन्ट के आसपास घूमने की जगहों के बारे में सोच रहे हैं तो बता दें कि आपको यहां पर लोहाघाट जरुर एक्सप्लोर करना चाहिए। ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों, खूबसूरत देवदार के पेड़ और मनमोहक झीलों बीच स्थित यह जगह काफी हसीन है। वहीं नेचर लवर्स के लिए यह जगह जन्नत से कम नहीं है। एबॉट माउंट से लोहाघाट करीब 7 किमी दूर है।

**एबॉट माउंट चर्च**- एबॉट माउंट चर्च की हसीन वादियों के बीच एबॉट माउंट चर्च भी मौजूद है। यह घूमने के लिए काफी अच्छी जगह है। समुद्र तल से लगभग 6 हजार से ज्यादा की ऊंचाई पर मौजूद इस चर्च तक पहुंचने के लिए आप ट्रैकिंग भी कर सकते हैं। बताया जाता है कि इस चर्च का निर्माण साल 1942 में किया गया था।

**चिनेश्वर वॉटरफॉल**- यह एक बेहद खूबसूरत और मनमोहक वॉटरफॉल है। इस चिनेश्वर वॉटरफॉल को कुमाऊं क्षेत्र का छिपा हुआ खजाना भी कहा जाता है। मानसून में इस वॉटरफॉल की खूबसूरती अपने चरम पर होती है।

**कैसे पहुंचे एबॉट माउंट**- एबॉट माउंट पहुंचना काफी आसान है। इसके लिए आपको पहले नैनीताल पहुंचना होगा। फिर नैनीताल से आप बस व टैक्सी के जरिए एबॉट माउंट पहुंच सकते हैं। नैनीताल से एबॉट माउन्ट की दूरी 152 किमी है। चंडीगढ़, दिल्ली, ऋषिकेश, हल्द्वानी और हरिद्वार आदि शहरों से बस से आप नैनीताल पहुंत सकते हैं। वहीं आप अगर ट्रेन से जाते हैं तो बता दें कि नैनीताल का सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन काठगोदाम रेलवे स्टेशन है।

## दो साल बाद अमेरिकी ओपन में हिस्सा लेंगे नोवाक जोकोविच

### रिकॉर्ड 24वें ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने पर होंगी निगाहें

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** नोवाक जोकोविच दो साल में पहली बार अमेरिकी ओपन खेलने पहुंच गए हैं। उनकी नजरें रिकॉर्ड 24वें ग्रैंडस्लैम खिताब पर लगी होंगी।

पिछले साल कोरोना का टीका नहीं लगवाने के कारण उन्हें अमेरिका में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली थी। वह कैलिफोर्निया और फ्लोरिडा में भी टूर्नामेंट नहीं खेल सके थे। उन्होंने सोमवार से शुरू हो रहे टूर्नामेंट के लिए यहां पहुंचने के बाद कहा, मुझे गुस्सा नहीं आया था। पिछले साल अमेरिकी ओपन के दौरान मलाल जरूर हुआ था कि मैं यहां क्यो नहीं हूं। मुझे नहीं खेल पाने का दुख था। लेकिन अब मैं यहां हूं और बीती बातों के बारे में नहीं सोच रहा। मेरा फोकस इस टूर्नामेंट पर है। पिछली बार 2021 में वह अमेरिकी ओपन फाइनल में दानिल मेदवेदेव से हार गए थे। जोकोविच पुरूष टेनिस में सबसे ज्यादा 23 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीत चुके हैं लेकिन अगर वह यहां जीतते हैं तो ओपन युग में सबसे अधिक 24 खिताब जीतने वाली सेरेना विलियम्स को पीछे छोड़ देंगे।



**बैडमिंटन लीग** — मध्य प्रदेश बैडमिंटन लीग दूसरी चयन स्पर्धा में तनवीर और अनिल भी जीते

# विकास, अनिशा, शिशिर व रिषभ सेमीफाइनल में

**भोपाल (खेसं)।** बड़वानी के रिषभ राठौर, भोपाल के शिशिर द्विवेदी, जबलपुर के भुवन चंद्र कोतिकाला और इंदौर के वत्सल सोमण ने मप्र बैडमिंटन लीग दूसरी चयन बैडमिंटन स्पर्धा में पुरुष एकल के क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाई।




वहीं भोपाल की अनिशा वासे, उज्जैन की जुही चौधरी, धार की शिवानी चौधरी और देवास की भुमिका वर्मा ने महिला एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भोपाल के तनवीर सिंह और अनिल प्रधान, शिशिर द्विवेदी और प्रखर बंछोर, चिराग खान और निपेंद्रसिंह एवं अमित पाटनकर और जयंत अलोने, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी धार के अभिमन्यु सिंह और यश रायकवार, आदित्य चौहान और शुभम प्रजापति, अवधेश जाट और विनय शर्मा ने पुरुष युगल के क्वॉर्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। टी टी नगर स्टेडियम में हो रही स्पर्धा में नीमच के अंगद मुछाल, धार के तनमय शर्मा और पार्थ भट्ट, उज्जैन के आरव श्रीवास्तव 17वर्ष बालक एकल के सेमीफाइनल में आए। भोपाल की समायरा सक्सेना और भुमि कौशिक, इंदौर की ऐशानी गोयल और देवास की अन्वेशिका दुबे 11वर्ष बालिका, भोपाल के स्वर्णिम विकास पांडे, सिंगरौली के प्रयान धिराना, इंदौर के इशान अली और धार के हर्ष वर्धन सिंह 11वर्ष बालक वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचे। इंदौर की जीवल बतरा, उज्जैन की जुही चौधरी, भोपाल की अनन्या शर्मा और धार की शिवानी चौधरी 19वर्ष बालिका के सेमीफाइनल में पहुंची।

### अदिति बम, अदिति मट्ठा और आदित्या शर्मा भी अंतिम-4 में

इंदौर की अदिति बम, भोपाल की अदिति मट्ठा और आदित्या शर्मा और धार की मुस्कान जाट ने 15 वर्ष बालिका के सेमीफाइनल में हैं। पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में रिषभ राठौर ने धार के कनिष्क शर्मा को15-13,15-9 से, शिशिर द्विवेदी ने धार के कुबेर वर्मा को 15-12,15-14से, वत्सल सोमण ने धार के अवधेश जाट को 15-13,15-10 से और भुवन चंद्र कोतिकाला ने नर्मदापुरम के उत्कर्ष वर्मा को 15-6,15-14 से हराया, महिला एकल क्वार्टर फाइनल में भुमिका वर्मा ने जबलपुर की वंशिका पटेल को15-10,15-5से, जुही चौधरी ने भोपाल की अनन्या शर्मा को15-11,15-9 से, शिवानी चौधरी ने इंदौर की तनुश्री चौहान को 14-15,15-8,15-12से और अनिशा वासे ने नर्मदापुरम की सुनीता सिंह को 15-3,15-6 से पराजित किया। 18 लाख रुपए इनामी राशि की मप्र बैडमिंटन लीग में चार चयन स्पर्धाएं होगी, यह दूसरी स्पर्धा हैं,13 वर्गों के मुकाबले योनेक्स एएस-2 शटलकाक से हो रहे हैं।

## मणिपुर: लूटे गए 16 हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक बरामद

**इंफाल, (एजेंसी)।** सुरक्षा बलों ने मई से लूटे गए हथियारों की बरामदगी के लिए अपना तलाशी अभियान जारी रखा है, शनिवार को उन्हें मणिपुर के इंफाल-पूर्व, इंफाल-पश्चिम और कांगपोकपी जिलों में 16 अत्याधुनिक हथियार, 70 गोला-बारूद और 16 विस्फोटक मिले।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि घाटी और पहाड़ी, दोनों इलाकों में लूटे गए हथियारों की तलाश के अलावा हिंसा प्रभावित राज्यभर में वाहनों की जांच जारी है। वाहनों और असामाजिक तत्वों की आवाजाही की जांच के लिए मणिपुर के विभिन्न जिलों में कुल 127 चौकियां स्थापित की गई, जबकि राज्य के विभिन्न जिलों में विभिन्न कानूनों और सरकारी निर्देशों के उल्लंघन के संबंध में 2257 लोगों को हिरासत में लिया गया।

## नासा ने स्पेसएक्स क्रू-7 मिशन किया लॉन्च



**वाशिंगटन, (एजेंसी)।** एंडेवर नामक ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर स्पेसएक्स क्रू -7 मिशन को शनिवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में प्रक्षेपित किया गया है। प्रक्षेपण शनिवार सुबह स्थानीय समयानुसार तीन बजकर 27 मिनट (ग्रीनविच मिड टाइम 07:27 बजे) पर हुआ। जिसे पहले ही कई बार स्थगित किया जा चुका है। पहले इसे 15 अगस्त को लॉन्च करने की योजना थी। क्रू-7 मिशन में नासा के अंतरिक्ष यात्री जैस्मीन मोघबेली, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री एंड्रियास मोगेन्सन, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री सातोशी फुरुकावा और रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री कोंस्टेंटिन बोरिसोव शामिल हैं।

## मेवाड़ विवि में स्थानीय और कश्मीरी छात्र भिड़े, सात घायल, 36 को हिरासत

**चित्तौड़गढ़, (एजेंसी)।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के गंगरार में स्थित मेवाड़ यूनिवर्सिटी में शुक्रवार रात को मेस में कहासुनी के बाद स्थानीय और कश्मीरी छात्रों आपस में उलझ गये। दो गुटों में बंटे छात्रों ने एक दूसरे के साथ मारपीट करते हुए जमकर पत्थरबाजी की। इस झगड़े में सात युवक घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अबतक 36 विद्यार्थियों को हिरासत में लिया है। दरअसल, ये घटना उस समय का है, जब यूनिवर्सिटी कैंपस के मेस छात्र खाने के लिए लाइन में लगे थे। इसी दौरान स्थानीय छात्रों और यहां पढ़ाई करने वाले कश्मीरी छात्रों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई।

देखते ही देखते बात हाथापाई तक पहुंच गई. झगड़े के दौरान एक पक्ष के छात्रों ने दूसरे पक्ष के छात्र की पिटाई कर दी। इसी बीच एक युवक पर किसी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। झगड़े की सूचना स्थानीय लोगों के तक पहुंचने पर वे लोग भी यूनिवर्सिटी पहुंच गये।एक छात्र की हालत नाजुक: स्थानीय लोगों की भीड़ देख छात्रों के एक पक्ष ने पत्थर बाजी शुरू कर दी, जिसके बाद स्थानीय युवकों ने भी पत्थरबाजी शुरू कर दी। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई, स्थिति को नियंत्रण में करने के लिये मौके पर पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। घटना में घायल दो युवकों को जिला चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। इस मामले में पुलिस ने 36 लोगों को हिरासत में लिया है।

## सिरोही में छात्रावास भवनों का होगा निर्माण

**जयपुर, (ब्यूरो)।** राज्य सरकार द्वारा सिरोही जिले में दो छात्रावासों के लिए नवीन भवनों का निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने निर्माण के लिए 5.60 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी है। गहलोत की स्वीकृति से अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास, सिरोही-प्रथम एवं अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, सिरोही-द्वितीय के भवन निर्माण होंगे।

## कृषि निर्यातकों का राज्य स्तरीय सम्मेलन 28 को

**जयपुर, (ब्यूरो)।** राजस्थान स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रीज डेवलपमेन्ट बोर्ड के अध्यक्ष रामेश्वर डूडी ने बताया कि बोर्ड द्वारा कृषि व्यवसाय प्रसंस्करण एवं निर्यात से जुड़े प्रगतिशील, पुरस्कृत एवं नवाचारी कृषक तकनीकी विशेषज्ञों के साथ संवाद के लिए 28 अगस्त को जयपुर के कृषि प्रबंध संस्थान, दुर्गापुरा में राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में राज्य के प्रत्येक जिले से प्रगतिशील, नवाचारी एवं पुरस्कृत श्रेणी के कृषकों को संवाद के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में 500 से

## आज का इतिहास

- **1604:** अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में आदि गुरु ग्रंथ साहिब की प्रतिस्थापना की गई।
- **1781:** हैदर अली ने ब्रिटिश सेना के खिलाफ पल्लीलोर का युद्ध लड़ा।
- **1870:** भारत के पहले मजदूर संगठन के रूप में श्रमजीवी संघ की स्थापना की गई।
- **1939:** जेट ईंधन वाले विश्व के पहले विमान ने जर्मनी से पहली उड़ान भरी।
- **1976:** भारतीय सशस्त्र सेना की प्रथम महिला जनरल मेजर जनरल जी अली राम मिलिट्री नर्सिंग सेवा की निदेशक नियुक्त हुईं।
- **1976:** भारतीय पार्श्वगायक मुकेश का निधन
- **1979:** आयरलैंड के समीप एक नौका विस्फोट हुआ।
- **1990:** वाशिंगटन स्थित इराकी दूतावास के 55 में से 36 कर्मचारियों को अमेरिका ने निष्कासित कर दिया।

# आज संबोधित करेंगे पीएम मोदी

### संबोधन से पूर्व पीएम बोले, जी-20 की अध्यक्षता कर दुनिया को नई राह दिखा रहा भारत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारत के लिए जी-20 की अध्यक्षता एक ऐतिहासिक पल है। इस वैश्विक संगठन की अध्यक्षता संभालकर भारत कई वैश्विक मुद्दों को सुलझाने में मदद कर रहा है। फिर चाहे वह बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) में सुधार हो, जी20 में अफ्रीकी यूनियन को शामिल करना हो या फिर क्लाइमेट चेंज पर फोकस। इस साल जी20 की अगुवाई कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सफलतापूर्वक यह सुनिश्चित किया है कि भारत 'ग्लोबल साउथ' की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।आगामी 9 और 10 सितंबर को दिल्ली में जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन से पहले पीएम मोदी ने भारत के समक्ष उन अवसरों पर बात की, जिनसे उन्हें वैश्विक मुद्दों को सुलझाने में मदद मिली। किस तरह से देश का डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है।

भारत में मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की क्षमता समेत कई और मुद्दों पर पीएम मोदी ने खुलकर बात की। पीएम ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि किसी शिखर सम्मेलन के माध्यम से किसी देश की छवि और उसकी ब्रांडिंग को बढ़ावा दिया जा सकता है। फाइनेंशियल वर्ल्ड ठोस तथ्यों पर काम करता है। वो परफॉर्मेंस पर काम करता है, न कि धारणा पर। चाहे वह वो तरीका हो जिससे भारत ने कोविड-19 महामारी से लड़ाई लड़ी और अन्य देशों को ऐसा करने में मदद की, या जिस तरह से हमने अपनी अर्थव्यवस्था को सबसे तेजी से बढ़ने वाली बनाने के लिए प्रबंधित किया, या जिस तरह से हमारी वित्तीय और बैंकिंग प्रणाली लगातार मजबूत होती जा रही है, आज दुनिया भारत की प्रगति से परिचित है। इसलिए, किसी शिखर सम्मेलन को छवि निर्माण के चश्मे से देखना भारत की विकास गाथा को कमजोर करना है। जी20 शिखर सम्मेलन को वैश्विक संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

कोविड-19 महामारी के दौरान और उसके बाद, दुनिया काफी उथल-पुथल से गुजरी है और स्वाभाविक रूप से, जी20 समूह के देशों ने भी चिंता महसूस की है। जी20 देशों ने यह भी महसूस किया कि सिर्फ अरबों-खरबों की बात करने से प्रभाव नहीं पड़ता बल्कि मानव-केंद्रित विकास पर ध्यान देना चाहिए। मेरा अनुभव है कि हमारी जी20 की अध्यक्षता के दौरान इसी तर्ज पर चर्चा होती रही है। इतनी सारी बैठकों और चर्चाओं में, हमने पुराने दृष्टिकोण में बदलाव और नए दृष्टिकोण को रास्ता देते देखा है। विकसित देश और विकासशील देश पहली बार एक साथ आएंगे और वैश्विक समस्याओं का समाधान ढूंढेंगे। हमने अफ्रीकी संघ को आमंत्रित करके समावेशिता की नींव रखी है। हमारी जी20 की अध्यक्षता अब तक अभूतपूर्व रही है और जिस तरह से इस संगठन से जुड़ने की इच्छा जताई जा रही है, वह अभूतपूर्व है।



### बी20 समिट

**नई दिल्ली, (आरएनएन)।** भारत में चल रहे बी20 शिखर सम्मेलन को रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए पीएम मोदी ने एक्स (ट्विटर) पर लिखा कि रविवार दोपहर 12 बजे, मैं बी20 समिट इंडिया 2023 को संबोधित करूंगा। यह मंच व्यापार जगत में काम करने वाले हितधारकों की एक विस्तृत श्रृंखला को एक साथ ला रहा है। यह सबसे महत्वपूर्ण जी20 समूहों में से एक है, जिसका स्पष्ट ध्यान आर्थिक विकास को बढ़ावा देने पर है।

# निजी यात्रा पर श्रीनगर पहुंचीं सोनिया गांधी

**श्रीनगर ■ एजेंसी**

शनिवार दोपहर हवाईअड्डे पर पहुंचने पर सोनिया का उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने स्वागत किया, जिनमें कांग्रेस केंद्रीय कार्य समिति के सदस्य और जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विकार रसूल वानी भी शामिल थे। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने शनिवार को श्रीनगर पहुंचकर निगीन झील में नाव की सवारी की। वह कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से जुड़ेंगी, जो तीन दिवसीय निजी दौरे पर शुक्रवार को श्रीनगर पहुंचे। शनिवार दोपहर हवाईअड्डे पर पहुंचने पर सोनिया का उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने स्वागत किया, जिनमें कांग्रेस केंद्रीय कार्य समिति के सदस्य और जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विकार रसूल वानी भी शामिल थे। अपने आगमन के तुरंत बाद, सोनिया ने यहां निगीन झील का दौरा किया और नाव की सवारी का आनंद लिया।

### बोट की सवारी की, राहुल के साथ रहेंगी 2 दिन

वायनाड के सांसद निगीन झील में एक हाउसबोट पर रुके थे और परिवार के शनिवार को रैनावारी इलाके के एक होटल में रुकने की संभावना है। जम्मू और कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विकार रसूल वानी ने संवाददाताओं से कहा के जम्मू और कश्मीर उनका घर है। वह यहां के लोगों और इस भूमि से प्यार करते हैं, इसलिए वह यहां दो दिन शांति से बिताना चाहते हैं। यह कोई राजनीतिक यात्रा नहीं है, यह पूर्णत निजी यात्रा है। पार्टी नेता ने कहा कि राहुल की बहन प्रियंका गांधी के साथ उनके पति रॉबर्ट वाड्रा के भी इसमें शामिल होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि परिवार के रविवार को गुलमर्ग जाने की संभावना है। हालाँकि, नेता ने कहा कि यात्रा के दौरान परिवार के लिए कोई राजनीतिक कार्यक्रम निर्धारित नहीं है। राहुल 17 अगस्त को लद्दाख पहुंचे, अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर से अलग होने के बाद इस क्षेत्र को केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा दिए जाने के बाद यह उनकी पहली यात्रा थी। पूर्ववर्ती राज्य जम्मू और कश्मीर को भी अनुच्छेद 370 के तहत विशेष दर्जा हटाकर केंद्र शासित प्रदेश में बदल दिया गया।

## ताइवान के रक्षा क्षेत्र में घुसे चीन के 20 विमान

**ताइपे, (एजेंसी)।** ताइवान ने अपने रक्षा क्षेत्र में चीन के 20 लड़ाकू विमानों के घुसने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। इसमें चीनी सेना पीएलए के फाइटर जेट और लड़ाकू विमान दोनों शामिल हैं। ताइवान ने शनिवार को दावा करते कहा कि उसके द्वीप क्षेत्र में पिछले 24 घंटे में ड्रैगन के 20 सैन्य विमान रक्षा क्षेत्र में अवैध रूप से दाखिल होकर उड़ान भर रहे हैं। इन विमानों ने ताइवान की मध्य रेखा को भी क्रॉस कर दिया है।

पहले दोनों देशों के बीच हवाई क्षेत्र में आधिकारिक हवाई सीमा तय की गई थी। करीब एक वर्ष से चीन लगातार हवाई सीमा का उल्लंघन कर रहा है। इन हरकतों से लगता है कि चीन ताइवान के साथ युद्ध पर उतारू है। ऐसा पहली बार नहीं है, जब चीन ने सीमा क्षेत्र का उल्लंघन किया हो, बल्कि पहले भी कई बार चीन के लड़ाकू विमान और युद्धक पोत ताइवान क्षेत्र में प्रवेश कर चुके हैं। इस वजह से दोनों देशों में तनाव का माहौल लगातार बना है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, जबकि ताइवान खुद को स्वतंत्र स्टेट के तौर पर प्रस्तुत करता है।

## अब एक कमरे के फ्लैट शिफ्ट होंगे पूर्व राज्यपाल सत्यपाल

### नहीं दे पा रहे किराया, केंद्र पर भेदभाव का आरोप

**● नई दिल्ली /एजेंसी**



जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल के नाते उन्हें सरकारी खर्च पर दल्लिी में मकान मिलना चाहिए था।

उन्होंने दावा किया कि जम्मू कश्मीर के कुछ पूर्व राज्यपालों को दिल्ली में सरकार की ओर से आवास मिला हुआ है, लेकिन उन्हें नहीं दिया गया। अपने बयानों से भाजपा के लिए लगातार असहज स्थिति पैदा करने वाले पूर्व राज्यपाल सत्य पाल मलिक दिल्ली में अपना ठिकाना बदलने जा रहे हैं।

### 55 हजार रुपए प्रति महीना चुकाने में आ रही दिक्कत

वह दक्षिणी दल्लिी में दो कमरों के एक फ्लैट में रहते हैं। इसका किराया 55 हजार रुपए प्रति महीना है। इतना किराया चुकाने में उन्हें दिक्कत हो रही है, इसलिए वह सोसायटी में ही एक कमरे के फ्लैट में शिफ्ट होंगे।

## उप्र में महिला टीचर की शर्मनाक करतूत मुस्लिम छात्र को बच्चों से पिटवाया

**लखनऊ, ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के एक स्कूल का बेहद हैरान करने वाला वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक प्राइवेट स्कूल की टीचर क्लास में एक बच्चे को बाकी बच्चों से पिटवा रही है। दावा किया जा रहा है कि जिस बच्चे को बाकी छात्र थप्पड़ मार रहे हैं, वो मुस्लिम है। मुजफ्फरनगर पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई की बात कही है।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने भी इस वीडियो के सामने आने के बाद मामले का संज्ञान लिया है। वहीं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इस घटना को लेकर बीजेपी पर हमला बोला है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में दिखाई दे रहा है कि टीचर क्लास में एक बच्चे को बाकी बच्चों से थप्पड़ लगवा रही है।

### बच्चे के पिता ने उसे स्कूल से निकाला


वहीं बच्चे के पिता ने उसे स्कूल से निकालने का फैसला किया है। बच्चे के पिता का वीडियो सामने आया जिसमें उन्होंने कहा, 55टीचर ने बच्चों के बीच विवाद करवाया था। हमने समझौता कर लिया है। मैं शिक्षक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराना चाहता। हमने जो फीस चुकाई थी उसे वापस लेकर अपने बच्चे को इस स्कूल से निकालने का फैसला किया है। मैं नहीं चाहता कि मुझे बार-बार पुलिस या कोर्ट में बुलाया जाए।

## अवनी-व्योम का धूमधाम से मनाया जन्मदिन



नई दिल्ली के चिड़ियाघर में सफेद बाघिन सीता के दो शावकों अवनी और व्योम के जन्मदिन की पहली वर्षगांठ शनिवार को धूमधाम से मनाई गई। इस दिन को खास बनाने के लिए जू प्रशासन ने 15 किलो का केक मंगवाया और आम लोगों व बच्चों की मौजूदगी में उसको कटवाया गया। शनिवार को दोनों शावकों अवनी और व्योम ने पकड़म-पकड़ाई भी खेली। जू की निदेशक आकांक्षा महाजन ने बताया कि यह जू एक परिवार की तरह है. जैसे हम परिवार में दोस्तों का बर्थडे मनाते हैं वैसे ही अवनी और व्योम जू परिवार का हिस्सा हैं. इसलिए उनका बर्थडे मनाया गया। इसके लिए विशेष रूप से बच्चों को बुलाया गया। इस दौरान सभी बच्चों ने अवनी और व्योम को बर्थडे विश किया।

## राशिफल



**पंचांग-** 27 अगस्त 2023 दिन रविवार श्रावण मास शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि विक्रम संवत 2080 शक संवत 1945, **राहुकाल-** दोपहर 4.30 से 6.00, **सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार-** सूर्य सिंह राशि में चंद्र धनु राशि में मंगल कन्या राशि में बुध सिंह राशि में शुक्र कर्क राशि में गुरु मेष राशि में शनि कुंभ राशि में राहु मेष राशि में और केतु तुला राशि में रहेगा, **योग-** आयुष्मान। **करण** -बव, **नक्षत्र के हिसाब से राशि नाम अक्षर**-भी भू धा फा, आराधना का मंत्र-ॐ ऐहि सूर्य सहस्त्रांशों तेजो राशे जगत्पते, अनुकंपयेमां भक्त्या, गृहाणार्घ्य दिवाकर : ।।

**27 अगस्त 2023,रविवार** — **पं. अरविंद तिवारी**

**मेष**-समय आज से ठीक हो रहा है मन प्रसन्न रहेगा कामकाज की स्थिति बेहतर होगी प्रेम संबंधों में अनुकूलता आएगी

**वृषभ**- राशि स्वामी और बुध दोनों ही आपकी मदद कर रहा है धार्मिक कार्यों में रुचि तेजी से बढ़ेगी

**मिथुन**-समय आज पूरी तरह से आपकी मदद करेगा यश मान सम्मान में वृद्धि होगी

**कर्क** - समय आज सामान्य है घरेलू परेशानियां बढ़ सकती हैं प्रेम संबंधों में प्रतिकूलता रह सकती

**सिंह**- समय आज से शानदार हो गया है कामकाज की स्थिति बेहतर होगी मन प्रसन्न रहेगा

**कन्या** -समय आज कमजोर सा है अनावश्यक बहस करने से बचें प्रेम संबंधों से बचें

**तुला**-समय बढ़िया बना हुआ है अपने आवश्यक कार्यों को तेजी से एक-दो दिन में अवश्य कर ले

**वृश्चिक**- समय आज पूरी तरह से आपकी सहायता करेगा कार्यक्षेत्र शानदार रहेगा

**धनु**-समय आज से सामान्य हो रहा है जरूरी काम अभी भी सोच समझ कर करें प्रेम संबंध सामान्य होंगे

**मकर**- समय आज ठीक नहीं है वाद विवाद से बचे वाहन सावधानी से चलाएं

**कुंभ**-समय आज बेहद शानदार बना हुआ है कार्यक्षेत्र बढ़िया रहेगा प्रेम संबंध और शानदार बनेंगे

**मीन**- समय आज आपकी पक्ष का बना हुआ है विरोधी पक्ष कमजोर रहेंगे यात्रा सुखद रहेगी

## रूस ने लेजर गन का किया सफल टेस्ट



**मास्को, (एजेंसी)।** रूस ने एक लेजर गन का सफल फील्ड परीक्षण किया और विभिन्न प्रकार के कई ड्रोन नष्ट कर दिए। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक मानव रहित हवाई वाहनों को नष्ट करने के लिए डिज़ाइन किए गए लड़ाकू लेजर का रूस के सैन्य प्रशिक्षण मैदानों में से एक में सफल परीक्षण किया गया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि विमान और क्वाड्रो कॉप्टर दोनों प्रकार के ड्रोन को लेजर के जरिए नष्ट कर दिया गया है।

## कश्मीर में छड़ी मुबारक यात्रा शुरू

**श्रीनगर, (एजेंसी)।** भगवान शिव की पवित्र गदा, स्वामी अमरनाथ की 'छड़ी-मुबारक' के संरक्षक महंत दीपेंद्र गिरि शनिवार तड़के अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए दशनामी अखाड़ा मंदिर श्रीनगर से बस में रवाना हुए। स्वामी गिरि अन्य साधुओं के साथ यात्रा को पूर्ण करेंगे और यहां पहुंचकर अमरनाथ यात्रा के अंतिम अनुष्ठानों का संचालन करेंगे। छड़ी मुबारक, जिसमें एक भगवान शिव और दूसरी देवी पार्वती का चित्रण है। सदियों पुरानी परंपराओं, अनुष्ठानों के अनुसार, यात्रा श्रीनगर के दशनामी अखाड़ा मंदिर से पहलगाम के लिए रवाना होती है, जिसमें दक्षिण कश्मीर में पारंपरिक पहलगाम मार्ग से साधुओं का एक समूह 'बम बम बोले' का नारा लगाते हुए अमरनाथ गुफा की ओर जाता है।

## निजी स्कूलों में असुरक्षित स्पर्श के प्रति जागरूकता अभियान का आगाज

**जयपुर, (ब्यूरो)।** स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने शनिवार को जयपुर में जवाहर नगर स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में प्रदेश के निजी स्कूलों में अगले माह से असुरक्षित स्पर्श के प्रति बच्चों को जागरूक करने के लिए संचालित होने वाले अभियान का आगाज किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज शनिवार को राज्य के 66 हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में 'गुड टच बैड टच' के प्रति विद्यार्थियों की समझ विकसित करने के लिए प्रथम चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

### 'गुड टच बैड टच' की शिक्षा बच्चों में सुरक्षा की भावना के लिए अहम

राजस्थान सरकार के इस महत्वाकांक्षी अभियान में सरकारी स्कूलों के साथ प्राइवेट स्कूलों को भी अगले महीने से इस मुहिम में शामिल किया जाएगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा बच्चों में 'गुड टच बैड टच' के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके और 'सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित राजस्थान' की भावना सार्थक हो सके। शासन सचिव नवीन जैन ने कहा कि असुरक्षित स्पर्श के ट्रेनिंग सेशंस में प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों के बच्चों की रिकार्ड भागीदारी से ज्यादा अहम यह बात है कि हम छात्र-छात्राओं के अंदर सुरक्षा की भावना को मजबूत करने और उनमें 'गुड टच बैड टच' की समझ विकसित करते हुए समाज से बच्चों के प्रति यौन दुर्व्यवहार की बुराई को मिटाने का आधार तैयार कर रहे हैं।

# बृजमंडल शोभा यात्रा के ऐलान पर प्रशासन चौकस, नूंह में धारा 144 लागू

**नूंह, (एजेंसी)।** डीसी धीरेंद्र खड़गटा ने नूंह जिले में 26 से 28 अगस्त तक धारा 144 लगा दी है। कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के मकसद से घातक और हथियार लेकर चलने और सार्वजनिक जगहों पर पांच या इससे अधिक लोगों के जुटने पर बैन लगाया है। डीसी ने बताया है कि सर्वजातीय हिंदू महापंचायत की ओर से 28 अगस्त 2023 को बृजमंडल शोभा यात्रा का आह्वान क?िया गया है। इसके तहत जिले में किसी भी प्रकार के तनाव, बाधा या व्यक्तियों को चोट लगने या सार्वजनिक शांति और सौहार्द में बाधा उत्पन्न होने की संभावना के मद्देनजर यह आदेश पारित किए गए हैं। उधर, हरियाणा सरकार ने शनिवार को नूंह जिले में 28 अगस्त की रात 12 बजे तक मोबाइल इंटरनेट और 'बल्क एसएमएस' सेवा को बंद करने का आदेश दिया। हरियाणा की मनोहर लाल सरकार ने नूंह जिले में 28 अगस्त तक मोबाइल इंटरनेट और 'बल्क एसएमएस' सेवा को बंद करने का आदेश दिया। सरकार ने हिंदू संगठनों के एक बार फिर 'शोभा यात्रा' निकालने के आह्वान के मद्देनजर यह निर्णय लिया है। सरकार ने सोमवार को आयोजित होने वाली यात्रा से पहले या इसके दौरान असामाजिक तत्वों की ओर से सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाए जाने की आशंका के चलते संबंधित आदेश जारी किया। आदेश शनिवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) टीवीएसएन प्रसाद की ओर से जारी किया गया। हरियाणा सरकार ने पहले भी सांप्रदायिक हिंसा के बाद नूंह में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया था।



## एनडीएमए ने आपदा मित्रों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारत की जी20 अध्यक्षता के अंतर्गत, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने शनिवार को 'आपदा मित्र' योजना के तहत जन भागीदारी कार्यक्रम आयोजित किया।

इस कार्यक्रम के दौरान, आपातकालीन स्थिति में मदद करने वाले 'आपदा मित्रों' की महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। इस समारोह की मुख्य अतिथि मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने इस पहल की सराहना की और कहा कि यह जी20 जनभागीदारी कार्यक्रम की भावना के अनुरूप है। विश्व भर में दिन-ब-दिन प्राकृतिक आपदा के खतरे बढ़ रहे हैं। इसलिए आपदाओं से निपटने के लिए तैयारियों को और अधिक मजबूत करना जरूरी है।

## मेडागास्कर में भगदड़, 12 लोगों की मौत, 80 घायल

### स्टेडियम का था उद्घाटन समारोह

**एंटानानारिवो (एजेंसी)।** मेडागास्कर की राजधानी एंटानानारिवो के बारिया स्टेडियम में 11वें इंडियन ओशन आइलैंड गेम्स के उद्घाटन समारोह के दौरान प्रवेश द्वार पर भगदड़ मचने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और लगभग 80 अन्य घायल हो गए। मेडागास्कर के पीएम क्रिश्चियन नत्से ने यह जानकारी दी। पीएम ने शुक्रवार शाम को मीडिया को बताया कि भगदड में मरने वालों की संख्या 12 है और करीब 80 लोग घायल हैं, जिनमें से 11 को तत्काल सर्जरी की आवश्यकता है। श्री नत्से ने कहा कि सरकार घायलों की चिकित्सा लागत वहन करेगी और सभी संस्थानों की ओर से मैं पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

# जखनिया मंडल प्रथम के सभी बूथों पर सुना गया मन की बात का 104वां एपिसोड



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज प्रधानमंत्री के मन की बात का 104वां एपिसोड जखनिया मंडल प्रथम के बूथ संख्या 206 पर पार्टी कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने एक साथ बैठकर रेडियो के माध्यम से सुना। उक्त अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात से सीधे देशवासियों से जुड़ाव होता है देश की अनेकता और विविधताओं से परिचय प्राप्त होता है यह देश के लिए ऊर्जा प्रदान करने का काम करता है। वर्मा ने कहा जब से मन की बात प्रारंभ हुआ है हर देशवासियों को प्रधानमंत्री से सीधे जोड़ने का अवसर मिला है और अपनी नई खोज नई जानकारी को साझा करने का भी मौका मिला है। वर्मा ने कहा आज भारत का सामर्थ दिन प्रतिदिन यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़ता जा रहा है। आज उन्हीं की देन है कि देश में जी-20 की बैठक पहली बार आयोजित हुई। इसरो ने चंद्रयान 3 की सफल लैडिंग कर कर इतिहास रचा। वर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर एक छोटी सी छोटी बात को गंभीरता से लेते हैं उसका मनन और अध्ययन करते हैं और देशवासियों से अपील भी करते हैं की अपनी विरासत अपनी संस्कृति से जुड़े रहें, देश का भ्रमण करें, नई जानकारियां कहीं भी हो उसको लोगों से साझा करें। प्रधानमंत्री के मन की बात से देश में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है और लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत हुई है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को तेलुगु दिवस और रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दिया। बर्मा ने बताया की आईआईएम रोहतक की स्टडी के अनुसार मन की बात देश के 23 करोड लोग नियमित रूप से सुनते हैं और अब तक लगभग 100 करोड लोगों ने कम से कम एक बार मन की बात सुनी है। मन की बात को जखनिया मंडल प्रथम के सभी बुथों पर सुना गया। इस मौके पर भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश राजभर, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव, महामंत्री धर्मवीर राजभर, पीयूष सिंह, प्रशांत सिंह, ओमप्रकाश दुबे, दयाशंकर सिंह, अशोक गुप्ता, मजहर, शीला देवी, शांति देवी, बबिता देवी, मृदुला पांडेय, जमीला, विजय गुप्ता, रामाश्रय पांडेय, अजय विक्रम सिंह, दशरथ चौहान, शैलू सिंह सहित प्रमुख कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## विक्की मोबाइल एंड सर्विस सेंटर मल्टी शोरूम का भव्य उद्घाटन संपन्न

प्रखर वाराणसी। दिनांक 26 अगस्त, दिन शनिवार को पांडेपुर स्थित विक्की मोबाइल एंड सर्विस सेंटर मल्टी शोरूम का भव्य उद्घाटन हुआ। विक्की मोबाइल एंड सर्विस सेंटर मल्टी ब्रांड शोरूम के मुख्य अतिथि रहे मशहूर युटुबर किंग स्विग्गी सिंह ने फीता काट कर उद्घाटन किया। तत्पश्चात इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा केक काटा गया और उपस्थित ग्राहकों में वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मशहूर युटुबर स्विग्गी सिंह के साथ सेल्फी लेने के लिए युवक व युवतियों में होड़ लग गई। इस अवसर पर विक्की मोबाइल एंड सर्विस सेंटर मल्टी ब्रांड शोरूम के मालिक विक्की ने मिडिया को बताया कि हमारे शोरूम में हर वैरायटी का मोबाइल उपलब्ध है, हम अपने ग्राहकों सेवा के लिए विशेष ध्यान के साथ-साथ महीने में एक बार फ्री व्यवस्था अथवा गिफ्ट वगैरह भी देते हैं। हमारा स्लोगन ही "विश्वास का अटुट बन्धन" है। इस अवसर पर नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।




## बाबा बटुक भैरव का हुआ वार्षिक हरियाली एवं जल बिहार श्रृंगार महादेव के बालरूप का दर्शन कर भक्त हुए निहाल

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्राचीन श्री बटुक भैरव मन्दिर कमच्छा में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी श्री बाबा बटुक भैरव का भव्य हरियाली श्रृंगार एवं जल बिहार 27 अगस्त रविवार को आयोजित हुआ इस वर्ष महादेव ने अपने बालस्वरूप का दर्शन रजत सिंहासन पर विराजमान होकर अपने अनन्य भक्तों को दिया` दिव्य झाँकी का नयनाभिराम दर्शन जिसकी प्रतिक्षा श्री बाबा बटुक भैरव के श्रद्धालुओं को सदैव रहती है के लिए भक्तों का तांता प्रातः 5.00 बजे से ही लगना प्रारम्भ हो गया` प्रातः 5.00 बजे बाबा का पंचामृत स्नान के बाद मंगला आरती हुई इसी के साथ श्रद्धालुओं द्वारा श्री बाबा बटुक भैरव के दर्शन पूजन का क्रम अनवरत शुरू हो गया बाबा के अलौकिक बालस्वरूप के दर्शन के लिए भक्त निरन्तर पहुंचते रहे जहां श्रद्धालु अपने अराध्य के तेजपूर्ण स्वरूप के दर्शन कर अपलक निहारते रहे` रात्रि 9:00 बजे बाबा की महा आरती हुई महन्त राकेश पुरी ने बाबा



की महा आरती 1008 बत्ती वाले दीपदान एवं सवा किलो कपूर द्वारा किया` महा आरती के दौरान 51 भक्तों द्वारा डमरू बजाया जा रहा था इस पावन अवसर पर श्रद्धालुजन श्री बाबा बटुक भैरव का दर्शन कर भण्डारें में प्रसाद प्राप्त निहाल हुए` प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री बाबा बटुक भैरव के दरबार गर्भगृह एवं मंदिर परिसर में हरियाली श्रृंगार तथा जल बिहार झाँकी की सजावट अति भव्य की गई थी साथ ही मंदिर परिसर के बाहर गुफा रूपी मार्ग बनाया गया था जहां की सज्जा, पक्षी, सांप आदि जीवन्तता का एहसास करा रहे थे तो वही गुफा रूपी मुख्यद्वार से ही श्रद्धालुओं को अलौकिक आनन्द प्राप्त हो रहा था` प्रसिद्ध मालियों द्वारा कामिनी की पत्तियों, अशोक की पत्तियों, बेला, गेंदे की माला, फल, गुलाब के फूल की माला द्वारा गर्भगृह, मन्दिर परिसर एवं आसपास सुन्दर सजावट की गई थी` मन्दिर के महंत भास्कर पुरी एवं राकेश पुरी के दिशा निर्देशन में समस्त कार्यकर्तागण सम्पूर्ण व्यवस्था के संचालन में अनवरत लगे रहे।

## इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंश्योरेंस एंड लॉस एसेसर्स यूपी चैप्टर के तत्वाधान में पूर्वांचल के सर्वेयरो का एक टेक्निकल मीट का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंश्योरेंस एंड लॉस एसेसर्स यूपी चैप्टर के तत्वाधान में वाराणसी में कैण्टोनमेण्ट स्थित एक होटल में पूर्वांचल के सभी सर्वेयरो का एक टेक्निकल मीट का आयोजन किया गया सेमिनार की अध्यक्षता कर रहे इसला के पूर्व निदेशक विपिन कुमार शुक्ला ने बीमा कंपनियों द्वारा प्रायोजित थर्ड पार्टी लॉस असेसमेंट के प्रयोग का विरोध करते हुए कहा कि इससे हजारों नौजवान सर्वेयर बेरोजगार हो जायेगे और बीमाधारको के प्रति भी न्याय नही हो पाएगा उन्होंने कहा की इसला सेंट्रल काउंसिल को तुरंत कार्यवाही करनी चाहिए सेमिनार में वक्ताओं ने इसला की सेंट्रल काउंसिल के रवये पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। सेमिनार के प्रथम सत्र में पूर्वांचल के सर्वेयरो द्वारा आईसीआर (इनकर्ड क्लेम



रेश्यो) व नई टेक्नोलॉजी के प्रयोग पर विस्तार से चर्चा की` बीमा कंपनी के अधिकारियो ने भी बीमा सर्वेयरो को संबोधित करते हुए उन्हें नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने का आह्वाहन किया सेमिनार में वरिष्ठ सर्वेयरो ने बीमा उद्योग में आ रहे बदलाव एवम उचित आंकलन के लिए तकनीकी व्याख्यान दिया। समारोह में सरकारी बीमा कंपनियों दी न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के वरिष्ठ मंडलीय प्रबंधकों, हब इन्चार्ज, कार्यक्रम के संयोजक आशुतोष सिंह, नॉर्थ जोन इसला के सेक्रेट्री मनोज कुमार श्रीवास्तव, पीके त्रिपाठी, एलबी सिंह, अरुण अग्रवाल, शत्रुघ्न सिंह, विजय पांडे, सुभाष तिवारी आदि ने संबोधित किया। समारोह के संचालक वरिष्ठ सर्वेक्षक राकेश कुमार श्रीवास्तव ने मोटिवेशनल प्रेजेंटेशन दिया।

## भारत विकास परिषद काशी द्वारा संत अतुलानंद कान्वेंट स्कूल में हुआ भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भारत विकास परिषद काशी शाखा के तत्वावधान में संत अतुलानंद कान्वेंट स्कूल कोईराजपुर में भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया` सूच्य हो की भारत को जानो प्रतियोगिता 30 वर्ष पहले भारत विकास परिषद काशी शाखा द्वारा ही प्रारंभ किया गया था वर्तमान समय में यह प्रतियोगिता पूरे भारतवर्ष में भारत विकास परिषद द्वारा भारत के सभी शाखाओं में आयोजित की जाती है जिसमे प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में प्रतिभागी शामिल होते हैं कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं युवा प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन के बाद वंदेमातरम से हुआ इसके बाद भारत विकास परिषद काशी द्वारा भारत को जानो प्रकल्प के अंतर्गत कनिष्क एवं वरिष्ठ वर्ग में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया` भारत पर आधारित प्रश्नोत्तरी की इस प्रतियोगिता में संत अतुलानंद कान्वेंट स्कूल कोईराजपुर के 50 से अधिक छात्र- छात्राओं ने भागीदारी की इस प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में आदित्य गौरव (कक्षा 12), विनीत यादव (कक्षा 9) एवं कनिष्क वर्ग में वंश नारायण पटेल (कक्षा 6सी), विनय यादव (कक्षा 6बी ) ने बाजी मारी कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को परिषद द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया इंजी.राहुल सिंह, सचिव, स्वामी अतुलानंद रचना परिषद ने सभागार को संबोधित करते हुए भारत को जानो प्रतियोगिता की संकल्पना की तारीफ करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों को भारत के प्रमाणिक इतिहास, कला एवं संस्कृति से जोड़ने का कार्य करती है विजेताओं को आशीर्वाद देते हुए उन्होंने बच्चों को प्रतियोगिता का राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने की शुभकामना दी कार्यक्रम का संयोजन हरीश वालिया ने किया इस अवसर पर प्रमुख रूप से शाखा के अध्यक्ष अमित कुमार अग्रवाल, सचिन गौरव गुप्ता, सेवा सप्ताह संयोजक संतोष जरिया, इंजी. राहुल सिंह (सचिव, स्वामी अतुलानंद रचना परिषद), डॉ. वंदना सिंह (निदेशक, संत अतुलानंद कान्वेंट स्कूल), डॉ. नीलम सिंह (प्रिंसिपल, संत अतुलानंद कान्वेंट स्कूल) मौजूद रही।




## रूसी फिल्म महोत्सव के दौरान भारत और रूस के सहयोग से फिल्मों के निर्माण का ऐलान

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भारत इस साल प्रतिष्ठित जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है और पूरी दुनिया की निगाहें इस वक्त भारत पर लगी हुईं हैं आज इस बीच, सिनेमा के पटल पर भारत और रूस के साझा प्रयासों को लेकर बनारस में एक बड़ा ऐलान किया गया बनारस में 27 अगस्त रविवार को आयोजित एक पत्रकार वार्ता में इस बात का ऐलान किया गया कि भारत और रूस जल्द ही साझा रूप से फि ल्मों का निर्माण करेंगे और अपनी इस नई सिनेमाई साझेदारी को एक नये मकाम पर ले जाएंगे। बनारस के मॉल रोड स्थित जेएचवी सिनेमा में आयोजित इस पत्रकार वार्ता में इस बात का भी ऐलान किया गया कि भारत और रूस फिलहाल तीन फि ल्मों का साझा रूप से निर्माण करेंगे उल्लेखनीय है कि साझा तौर पर निर्मित की जानेवाली इन तीनों ही फि ल्मों भारत और रूस दोनों देशों के कलाकार और तकनीशियन काम करेंगे और सभी फिल्मों की शूटिंग अगले साल शुरू कर दी जाएगी। गौरतलब है कि भारत और रूस के सहयोग से बनने वाली इन सभी फि ल्मों का निर्माण रूस की ओर से एलेक्सी गिवोरूखिन, राबियात अदजीकामालोवा तो वहीं भारत की ओर से निमार्ता जीशान अहमद और वसीम अख़्तर करेंगे। मुम्बई से विशेष तौर पर रूसी फिल्म महोत्सव को अपना समर्थन देने पहुंचे वरिष्ठ ट्रेड एक्सपर्ट कोमल नाहटा भी भारत-रूस द्वारा संयुक्त रूप से फि ल्में बनाने से जुड़े बड़े ऐलान के वक्त मौजूद थे. निमार्ता जीशान अहमद, अभिनेता कन्हैया कुमार, रूसी फिल्म महोत्सव के मीडिया सलाहकार वसीम अख़्तर ने भी इस विशेष मौके पर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। गौरतलब है कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से मशहूर शहर बनारस में 25 अगस्त से रूसी फि ल्म महोत्सव की शुरूआत हुई थी और आज इस फि ल्म महोत्सव का आखिरी दिन है।




# पूर्व विधायक ने बदलवाया जला ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस


प्रखर जौनपुर। जनपद के केराकत विकासखंड में विगत दिनों से बिजली को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। पहले लो वोल्टेज की समस्या फिर कई गांवों के ट्रांसफार्मर के फूके जाने का मामला। हंगामा मचा तो लोगो ने विद्युत विभाग के चक्कर लगाने शुरू किया। कई गांव तो हप्तो तक अंधेरे में रहे। ऐसा ही एक मामला थानागद्दी ग्रामसभा से लगे गांव बोझवां में आया जहां दो बार ट्रांसफॉर्मर फूक जाने के बाद ग्रामीणों में हाहाकार मच गया। वर्तमान सपा विधायक से लेकर विद्युत विभाग तक दुहाई दी गई पर सुनवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति होती रही जिसके बाद बोझवा यादव बस्ती के लोगो ने क्षेत्र के अति सुलभ समाजसेवी और मंडल मंत्री भाजपा संजय मिश्र बाबा और स्थानीय शिक्षक एवं पत्रकार केराकत पंकज कुमार मिश्रा से मामले में सक्रिय होने की गुहार लगाई जिसके बाद संजय मिश्र बाबा ने पूर्व विधायक दिनेश चौधरी से मिलकर उक्त बिजली समस्या से पूर्व विधायक को



अवगत कराया जिसके बाद पूर्व विधायक ने तत्काल जिलाधिकारी और एक्सईएन से फोन वातार्लाप कर समस्या को 5 घंटे में निस्तारित करने का आग्रह किया और यह प्रयास रंग लाया तथा 5 घंटे के भीतर बोझवा गांव में 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया और बिजली व्यवस्था को चालू करा लिया गया। और इस तरह समाजसेवी संजय मिश्र बाबा और पूर्व विधायक दिनेश चौधरी के अथक प्रयास से बोझवा गांव में बिजली की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को मुक्ति मिल गई । 25 केवीए का ट्रांसफार्मर पाकर यादव बस्ती के ग्रामीण खुश दिखे और उन्होंने समाजसेवी सहित पूर्व विधायक को धन्यवाद दिया जिन्होंने स्वयं डीएम जौनपुर से बात करके 63 केवीए के ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की। यूपी में बिजली संकट गहराया हुआ है। प्रदेश में छह बिजली उत्पादन इकाइयां ठप हो गई हैं। इससे 1937 मेगावाट कम बिजली उत्पादन हो रहा है। ऐसे में बारिश थमी और गर्मी बढ़ी तो प्रदेशवासियों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ सकता है। उत्पादन ठप होने की वजह तकनीकी खामी बताई जा रही है।प्रदेश में पिछले सप्ताह चार विद्युत उत्पादन इकाई ठप हो गई थीं। इस बार छह उत्पादन इकाई ठप हुई हैं। इसमें टांडा की दो यूनिटों से 220 मेगावाट, मेजा से 528 मेगावाट, रिहंद से 189 मेगावाट, अनपरा की दो यूनिटों से एक हजार मेगावाट बिजली पावर कॉरपोरेशन को मिलती थी। इसमें टांडा की एक और मेजा की एक यूनिट रविवार को शुरू हो सकती है, जबकि रिहंद और अनपरा की उत्पादन इकाइयां 29 अगस्त तक शुरू होने की संभावना है।

## सेना के जवान का पार्थिव शरीर एम्बुलेंस से भेजने पर परिजन हुए आक्रोशित

गाजीपुर। आर्मी जवान के पार्थिव शरीर को प्राइवेट एंबुलेंस से घर भेजे जाने से परिजन आक्रोशित हो गए हैं। वे वाराणसी-गाजीपुर बार्डर स्थित खरौना में राजवाड़ी पुल पर हाइवे जाम कर दिए। इससे दोनों तरफ की गाड़ियां जहां-तहां खड़ी हो गई है। प्रदर्शनकारी मांग कर रहे थे कि आर्मी जवान के पार्थिव शरीर को सेना की गाड़ी से ही भेजा जाए। बताते चलें कि सादात थाना क्षेत्र के इकरा गांव निवासी आर्मी जवान हवलदार राजेंद्र यादव की शुक्रवार को जम्मू कश्मीर के लाला द बाग में ड्यूटी के दौरान हृदयगति रूकने से निधन हो गया था। आर्मी के साथी जवानों के मुताबिक वह ड्यूटी के दौरान गश्त आने पर अचानक गिर पड़े। साथी जवानों ने उन्हें हास्पिटल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। आर्मी अधिकारियों से सूचना मिलते ही परिजनों के रोने-बिलखने से चीख- पुकार मच गई। परिवार में सैनिक की पत्नी रीता देवी अपने दोनों बच्चों के साथ गांव पर ही रहती हैं। सैनिक का बड़ा पुत्र अंश सात वर्ष का है और दूसरा पुत्र आयुष यादव पांच वर्ष का है। राजेंद्र यादव 2009 में आर्मी में भर्ती हुए थे। पढ़ाई लिखाई गांव के ही स्कूल में हुई थी। अभी एक महीने पहले ही छुट्टी लेकर घर आए थे और सबसे मिल कर गए थे। बच्चों से वादा कर-



के गए थे कि छुट्टी मिलते ही घर आऊंगा। मृतक राजेंद्र यादव तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। इनके बड़े भाई राज यादव भी आर्मी में इस समय दिल्ली में तैनात हैं। पिता रामसकल यादव ने बताया कि पुत्र राजेंद्र का बचपन से ही आर्मी में भर्ती होने का सपना था। उस समय काफी खुशी हुई थी, लेकिन आज पुत्र के निधन की सूचना मिलते ही पूरे परिवार के लोगों के आंखों के आंसू रुक नही रहे हैं। पत्नी रीता देवी, मां नागेश्वरी देवी के रोने- बिलखने से गांव में चीख- पुकार मची हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### 24 को परीक्षा देने गई बालिका गायब

प्रखर रामपुर- मांझा गाजीपुर। थाना रामपुर- मांझा के अंतर्गत सिकंदरा स्वामी विवेकानंद संस्थान में परीक्षा देने गई 13 वर्षीय बालिका अचानक लापता हो गई। बताया जा रहा है कि लड़की 24 को परीक्षा देने गई थी, जब घर नही पहुंची तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। लेकिन उसका पता नही चल सका। थक हराकर परिजन थाना रामपुर- मांझा में तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराये।

### वित्त मंत्री ने काशी विश्वनाथ मंदिरों में किया दर्शन-पूजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण काशी दौर पर हैं वित्त मंत्री शनिवार की देर शाम वाराणसी पहुंची बीएलडब्ल्यू गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम किया` रविवार की सुबह विश्वनाथ मंदिर पहुंची जहां बाबा विश्वनाथ की पूजा अर्चना कर मंगल कामना की बाबा दरबार से दर्शन पूजन बाद अन्नपूर्णा मंदिर गई। मां अन्नपूर्णा के दर्शन पूजन बाद महंत शंकर पूरी से मुलाकात की बातचीत के दौरान महंत ने मंदिर द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी दी जिसे सुनकर वित्तमंत्री काफी प्रभावित हुईं मंदिर की और से स्वय महंत ने अंगवस्त्र और मोमेंटो भेट किया उस दौरान मेयर अशोक तिवारी, न्यास सदस्य वेंकटरमन घनपती समेत अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### शक्तिधाम आश्रम ने किया जगतगुरु शंकराचार्य का अभिनंदन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विश्वप्रसिद्ध आध्यात्मिक संत जगतगुरु साई माँ श्री लक्ष्मी देवी मिश्रा के काशी स्थित शक्तिधाम आश्रम के स्वामी परमेश्वरानंद जी महाराज एवं महंत महामंडलेश्वर स्वामी अनंत दास जी महाराज ने शनिवार को जगतगुरु शंकराचार्य श्री शंकर विजयेन्द्र सरस्वती जी महाराज का अभिनंदन किया। शक्तिधाम आश्रम के प्रबंधक मनीष गुप्ता ने बताया कि आध्यात्मिक संत जगतगुरु साई माँ श्री लक्ष्मी देवी मिश्रा जी के निदेर्शानुसार कांचीकामकोटि जगतगुरु शंकराचार्य श्री शंकर विजयेन्द्र सरस्वती जी महाराज को शक्तिधाम आश्रम की ओर से शॉल, स्मृति चिन्ह एवं फल- फूल भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कांची मठ के प्रबंधक वीएस सुब्रमण्यम मणि , श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य के वेंकटरमण घनपाठी, शक्तिधाम आश्रम के प्रबंधक मनीष गुप्ता,चक्रवर्ती विजय नावड, भगवतीधर दुबे, विकास शुक्ला आदि उपस्थित थे।

### काशी के रेवी पाल ने 88वें ऑल इंडिया रेलवे एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में दो गोल्ड मेडल किया अपने नाम



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। 88वां ऑल इंडिया रेलवे एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 जो की रायबरेली एथलेटिक्स स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुई जिसमें पांच किलो मीटर दौड़ में रेवी पॉल पूर्वोत्तर रेलवे की तरफ से खेलते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता द्वितीय स्थान प्राप्त कर मुन्नी देवी सिल्वर मेडल जीता जो की SECR खेल रही थी तथा तृतीय स्थान प्राप्त कर प्रीनु यादव ब्रोंज मेडल जीता जो कि SWR की तरफ से खेली इसी क्रम में तीन किलो मीटर स्टेपल चेस दौड़ में रेवी पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता द्वितीय स्थान प्राप्त कर प्रीनू यादव सिल्वर मेडल जीता एवं तीसरे स्थान पर कोमल जगडाले ने ब्रोंज मेडल जीता कोमल मध्य रेलवे की तरफ से खेल रही थी रेवी पाल हाल ही में पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर रेल कारखाने में स्पोर्ट कोटा से लिपिक पद पर ज्वाइन किया बचपन में ही पिता का साया उठ जाने के कारण इन्होंने एथलेटिक्स गेम चुना और भारतीय खेल प्राधिकरण बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी कैंपस में इनका चयन हुआ वहां इन्हें कोच संजीव श्रीवास्तव मिले संजीव श्रीवास्तव ने अपने तन मन से इन्हें ट्रेनिंग दी और इस मुकाम तक पहुंचने में कोच संजीव श्रीवास्तव का महत्वपूर्ण योगदान रहा रेवी पाल को प्रवीण सिंह विभा सिंह भारतीय खेल प्राधिकरण की वार्डन पर मिला यादव ने प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना किया।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं